सुविचार
सपने तो हर रोज, हर लोग हजारों देखते है पर तुम में उन्हें पूरा करने की जिद होनी चाहिए ।

तापमान डिग्री सेल्सियस
अधिकतम 41.0
न्यूनतम 25.0
सूर्योदय 05.26
सूर्यास्त 06.41

वर्ष : 03 अंक : 81 लखनऊ, शनिवार 04 मई 2024 www.dailyjantaconnection.com EMail:jcnews240@gmail.com पृष्ठ : 4 , मूल्य : 1.00 रुपए

हिन्दी दैनिक
# जनता कनेक्शन



# सपा और कांग्रेस दोहरे चरित्र के मालिक : योगी

### ● पहले देश में गरीब कल्याणकारी योजनाओं की होती थी बंदरबांट



बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भगवान राम के अस्तित्व को नकारने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के नेता लोकसभा चुनाव की घंटी बजने के बाद खुद को रामभक्त कहने लगे हैं जो उनके दोहरे चरित्र का परिचायक है।

आंवला लोकसभा क्षेत्र में आयोजित चुनावी जनसभा में उन्होने कहा, 卐 पहले कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल दल बोलते थे कि राम हुए ही नहीं। वहीं जब रामलला का दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर बन गया तो कहते हैं राम सबके हैं। यह इनका दोहरा चरित्र है। ऐसे ही चुनाव में जनता इनके लिये माई बाप हैं और चुनाव खत्म होते ही यह आपको पहचानते नहीं हैं। सपा, बसपा और कांग्रेस का काम झूठ बोलना है।

उन्होने कहा, 卐 इनका मेनिफेस्टो भी कुछ इसी तरह का है कि उसमें अल्पसंख्यकों को खाने पीने की पूरी स्वतंत्रता देने की बात कही गयी है। जनता को नहीं बता रहे हैं कि ऐसा कौन का खान पान है जो बहुसंख्यक समाज नापसंद करता है। दरअसल, अल्पसंख्यक समाज को गौ मांस पसंद है, जिसे हम होने नहीं देंगे। हम गौ माता की रक्षा के लिए जान भी देंगे। अयोध्या में महाराज दिलीप ने गौ माता को शेर के मुंह से छुड़ाया था। ऐसे धर्मात्माओं ने भारत माता की धरती पर जन्म लिया है। सपा और कांग्रेस को गलतफहमी है कि वह किसी की रुचि के अनुसार खान-पान की स्वतंत्रता देंगे। योगी ने कहा कि प्रदेश में गौकशी की बात तो दूर कोई इसके बारे में सोचेगा भी तो उसके लिए जहन्नुम के द्वार खोल दिये जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में गरीब कल्याणकारी योजनाओं की बंदरबांट होती थी। कांग्रेस सरकार तो प्रभु श्रीराम और कृष्ण भगवान के अस्तित्व पर सवाल करती थी। वहीं सपा के लोग जय श्री राम का नारा लगाने पर जेल में बंद कर देने की धमकी देते थे।

इतना ही नहीं कहते थे कि अयोध्या में कोई भी परिंदा पर नहीं मार सकता है। वहीं वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत की तस्वीर सभी ने देखी है। अयोध्या में रामलला का दिव्य, नव्य और भव्य मंदिर बनकर तैयार है। देश और विदेश से श्रद्धालु दर्शन करने भी आ रहे हैं। इसके साथ ही दुनिया में भारत का सम्मान भी बढ़ा है। कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकार में अन्नदाता आत्महत्या करने को मजबूर थे, वहीं आज किसानों की आय दोगुनी हो गयी है।

# आरक्षण खत्म करने की साजिश में लगा विपक्ष

बर्दवान । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शक्रवार को इंडिया समूह के घटक कांग्रेस, वाम दल और तृणमूल कांग्रेस पर अपने वोटबैंक की खातिर जमीन तैयार करने के वास्ते एसटी/एससी और ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि ये पार्टियां इसे धार्मिक आधार पर मुसलमानों को आवंटित करने के लिए साजिश कर रही हैं। वे बर्दवान-दुर्गापुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष और बर्दवान-पूर्व से प्रत्याशी गायक कवि आशिम सरकार के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह यह जानकर आश्चर्यचकित हैं कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने गुरुवार को कथित तौर पर सभी हिंदुओं को दो घंटे में भागीरथी में डुबाने की धमकी दी। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इस राज्य के हिंदुओं का क्या होगा , जिन पर हाल ही में राम नवमी उत्सव के दौरान



हमला किया गया था। मोदी ने कहा , वे विकास नहीं ला सकते। वे केवल वोटों की खातिर समाज में दरार पैदा करना जानते हैं। एक तृणमूल कांग्रेस विधायक ने सिर्फ दो घंटे में हिंदुओं को भागीरथी में डुबो देने की धमकी दी है। क्या क्या यही भाषा और राजनीतिक संस्कृति है।

### भाजपा ,झारखंड का रिश्ता दिल का

चाईबासा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है और यहां के लोगों की भावनाओं को अगर कोई समझता और सुलझाता है तो वो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही है। मोदी ने शुक्रवार को चाईबासा के टाटा मैदान में बीजेपी प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में चुनावी रैली संबोधित करते हुए कहा कि 'आपका ये प्यार, ये आशीर्वाद... यही मोदी की ताकत है। प्रधानमंत्री को सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। पीएम मोदी ने कहा- 'झारखंड के जल, जंगल और जमीन पर हमारे आदिवासी भाई-बहनों का अधिकार है, लेकिन जेएमएम और कांग्रेस... इसे अपनी जागीर समझती है।

यही वजह है कि झारखंड के हर संसाधन की खुली लूट चल रही है।

# संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान से श्रीराम लला के दर्शन को आए श्रद्धालु

अयोध्या। पाकिस्तान से आए ढाई सौ श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को यहां श्री राम लला का दर्शन किया। पड़ोसी देश के सिन्ध प्रांत के 34 जिलों से आए ये श्रद्धालु बजरंग बली का दर्शन करने हनुमान गढ़ी भी पहुंचे और सरयू आरती में भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के सिंध प्रान्त के सक्खर,सांगण,कंथकोट, चिचड़ा,पैनो,बैजी, पीतापिन, मैसरा, भैलारी आदि स्थानों से सिन्धी समाज के ढाई सौ लोग शादानी दरबार की अगुवाई में तीर्थ यात्रा पर भारत आए हुए हैं। अयोध्या में गुरुवार रात पहुंचने के बाद इनके कार्यक्रम में सूरजकुंड, गुप्तारघाट के उपरांत दोपहर में श्रीराम लला का दर्शन तय था। इस टोली के स्थानीय प्रतिनिधि उमेश जीलानी ने बताया कि पड़ोसी देश के श्रद्धालु ढोल नगाड़े के साथ नाचते -झूमते जयकारा लगाते रामलला के दरबार पहुंचे और शीश नवाया।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र संवाद केन्द्र ने बताया कि हनुमान गढ़ी में दर्शन के बाद सभी ने सरयू आरती में हिस्सा लिया। इन तीर्थ यात्रियों के कार्यक्रम में अमृतसर, अमरावती शादानी दरबार छत्तीसगढ़, प्रयागराज, हरिद्वार आदि भी शामिल है।

### दिल्ली-सहरसा समर स्पेशल शुरु

गोरखपुर, गर्मियों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर नई दिल्ली-सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन नई दिल्ली से 05 से 30 मई तक प्रत्येक रविवार एवं वृहस्पतिवार को तथा सहरसा से सात मई से एक जून तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को आठ फेरों के लिये करने का निर्णय लिया है।

पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गाडी संख्या 04074 नई दिल्ली-सहरसा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 05 से 30 मई तक प्रत्येक रविवार एवं वृहस्पतिवार को नई दिल्ली से 20.50 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 21.47 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.10 बजे, बरेली से 01.37 बजे, सीतापुर से 06.10 बजे, गोण्डा से 09.05 बजे, बस्ती से 10.25 बजे, गोरखपुर से 12.10 बजे, सीवान से 14.07 बजे, छपरा से 15.30 बजे, सोनपुर से 16.32 बजे, हाजीपुर से 16.44 बजे, मुजफ्फरपुर से 17.40 बजे, समस्तीपुर से 18.45 बजे, बरौनी जं0 से 19.55 बजे, बेगूसराय से 20.17 बजे, खगड़िया से 21.00 बजे, मानसी से 21.12 बजे तथा सिमरी बख्तियारपुर से 21.52 बजे छूटकर सहरसा 23.30 बजे पहुंचेगी ।

उन्होंने बताया कि वापसी यात्रा में 04073 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 07 मई से 01 जून तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को सहरसा से 05.30 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियार से 05.52 बजे, मानसी से 06.52 बजे, खगड़िया से 07.05 बजे, बेगूसराय से 07.45 बजे, बरौनी से 08.35 बजे, समस्तीपुर से 09.55 बजे, मुजफ्फरपुर से 10.50 बजे, हाजीपुर से 11.45 बजे, सोनपुर से 12.00 बजे, छपरा से 14.00 बजे, सीवान से 15.23 बजे, गोरखपुर से 18.00 बजे, बस्ती से 19.05 बजे, गोण्डा से 20.25 बजे, सीतापुर से 23.25 बजे, दूसरे दिन बरेली से 02.51 बजे, मुरादाबाद से 05.25 बजे तथा गाजियाबाद से 09.12 बजे छूटकर नई दिल्ली 10.15 बजे पहुंचेगी । इस गाडी वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 18 एवं जनरेटर सह लगेज यान के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे ।

### दहेज की खातिर विवाहिता को छत से फेंका

मथुरा, उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के बल्देव थाना क्षेत्र में दहेज की खातिर एक गर्भवती महिला को छत से फेंकने का मामला सामने आया है। गंभीर रुप से घायल महिला का इलाज चल रहा है। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर महिला के परिजनो ने जिलाधिकारी से भेंटकर न्याय की मांग की। जिलाधिकारी ने महिला के परिवारीजनो को भरोसा दिलाया कि घायल विवाहिता का अच्छा इलाज कराया जाएगा और पुलिस रिपोर्ट कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विवाहिता प्रियंका के पिता टेढ़ी बगिया ट्रांसपोर्ट नगर आगरा निवासी महावीर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने अपनी बेटी की शादी 16 फरवरी 2023 को बल्देव थाने के मंगलासराय में सत्यवीर के बेटे हर्ष से की थी। उनका दावा है कि शादी में उन्होंने लगभग 50 लाख रुपये खर्च किये थे जिसमें आठ लाख नगद ,एक बोलेरो और एक मोटरसाइकिल दी थी। आरोप है उसके बाद तीन लाख रूपए अतिरिक्त दहेज के रूप में मांगे जाने लगे तथा उसकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता रहा। आरोप है कि 28 अप्रैल को जब वह बेटी के ससुराल आए तो पाया कि वह दो मंजिल ऊपर से लटक रही है तथा बाद में हाथ छूटकर गिरने से उसके गंभीर चोटें आई हैं। घटना का वीडियो भी शुक्रवार को वायरल हुआ। घायल विवाहिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर ससुरालियों का आरोप है कि विवाहिता को मायके न भेजने पर वह रैलिंग से लटक गई थी। पुलिस के अनुसार दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है तथा मामले की जांच की जा रही है।

### बुल्डोजर देखकर गुण्डे थर-थर कांपते हैं:मौर्य

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमु यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतापगढ़ में भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता तथा कैसरगंज से भाजपा प्रत्याश करण भूषण सिंह के समर्थन में नामांकन सभाओं को स बोधित किया। फिरोजाबाद में विशाल जनसभा को संबोधित किया। मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुल्डोजर देखकर समाजवादी पार्टी के गुण्डे थर-थर कांपते हैं। समाजवादी पार्टी, समाप्तवादी पार्टी बनने वाली है। सपा की सरकार में सपाइयों का नारा, हर खाली प्लॉट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा उस गाड़ी में बैठा गुंडा। भाजपा की सरकार में आज कोई गुण्डई करने की हि मत नहीं कर पा रहा है। उपमु यमंत्री ने कहा सपा की साथी कांग्रेस ने पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालने का काम किया। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। कांग्रेस पार्टी मुस्लिम लीग बन गई है। कांग्रेस के कारण से कश्मीर मे अनुच्छेद 370 लगाया गया। कांग्रेस के कारण पाकिस्तान के पास कश्मीर का एक हिस्सा है। कांग्रेस के कारण भारत का विभाजन हुआ व भ्रष्टाचार की शुरूआत हुई। देश की समस्याओं की जड़कांग्रेस है। श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के दस साल तो सिर्फ ट्रेलर है पिक्चर अभी बाकी है। 4 जून को 4 बजे 400 पार होते ही देश आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर बढ़ेगा और विकसित भारत का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी जो कहते है वह करते हैं।

# एलडीए ने अवैध निर्माण सील किये

लखनऊ। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने बाजारखाला व ठाकुरगंज क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए दो व्यावसायिक निर्माण सील किये। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतीक रस्तोगी, अनिल रस्तोगी व अन्य द्वारा ठाकुरगंज के महताब बाग में गुलाला घाट रोड पर लगभग 350 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से तीन मंजिला बिल्डिंग का निर्माण करवाया जा रहा था। इसके अलावा अमित अग्रवाल व अन्य द्वारा बाजारखाला में शास्त्री नगर रोड पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक उपयोग हेतु तीन मंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त निर्माण कार्यों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे।

# भाजपा का सफाया जरुरी : अखिलेश

मैनपुरी । समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि संविधान को बचाने के इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सफाया बेहद जरुरी है।

मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के किशनी तथा करहल विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशी श्रीमती डिम्पल यादव के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभाओं में श्री यादव ने कहा 卐 यह देश और सबके भविष्य का चुनाव है। भाजपा के फैसलों से देश और देश की जनता परेशानी और संकट में है। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का संविधान खतरे में है। भाजपा के फैसलों से संविधान के साथ लोगों का जीवन भी संकट में है।卐

उन्होने कहा कि पूरे देश में सभी अस्पतालों की ईसीजी से लेकर हार्ट से जुड़ी सभी जांचे मुफ्त करायी जाये, जिससे जिन लोगों को वैक्सीन लगी है वे जब चाहे, जहां चाहे अपने हार्ट का मुफ्त जांच कराने की व्यवस्था हो। भाजपा के लोगों ने वैक्सीनेशन के नाम पर देश की जनता को खतरे में डाला है।



श्री यादव ने कहा कि भाजपा के सभी वादे, दावे, बातें सब झूठी हैं। झूठ और लूट भाजपा की पहचान बन चुकी है। भाजपा पर कोई भरोसा मत करना। इनकी कथनी करनी अलग-अलग है। ये कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं। भाजपा ने सबको ठगा है। इलेक्टोरल बांड के नाम पर सरकारी एजेंसियों से डराकर कम्पनियों से वसूली की। सत्ता का दुरूपयोग किया है। जबसे चुनावी चंदा वसूली की पोल खुली है। भाजपा का बैंड बज गया है। जिन कम्पनियों का कोई मुनाफा नहीं रहा उनसे भी सैकड़ों करोड़ रूपये की वसूली कर ली। सपा अध्यक्ष ने कहा कि क्या किसी को पता था कि अचानक रात में 12 बजे नोटबंदी हो जाएगी। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। क्या किसी को पता था कि देश के एयरपोर्ट, बंदरगाह, रेलवे बिक जाएंगे। क्या किसी को पता था कि देश में फौज की नौकरी चार साल करके जवानों को अग्निवीर बना दिया जाएगा। जवानों को मिलने वाली सुविधाएं खत्म कर दी जाएंगी। क्या किसी को पता था कि भाजपा सबको निजी हाथों में सौंप कर सरकारी नौकरी और आरक्षण खत्म कर देगी। भाजपा ने हर वर्ग को धोखा दिया है जिससे जनता में नाराजगी है। यह चुनाव बहुत विशेष है। जनता भाजपा को हटाने के लिए वोट कर रही है। उन्होने कहा कि मैनपुरी ने हमेशा समाजवादियों का साथ दिया।

# स्वामी प्रसाद मौर्य की जनसभा में जूता फेंका गया

आगरा, हिंदू धर्म ग्रंथों पर विवादित बयानबाजी के चलते सुर्खियों में रहने वाले राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के मुखिया स्वामी प्रसाद मौर्य की जनसभा में शुक्रवार को यहां जूता फेंका गया। इससे पहले मार्ग में उनके काफिले को रोक कर काले झंडे दिखाए गए और उनकी कार पर स्याही फेंकी गई। पुलिस ने जूता फेंकने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में थाना डौकी क्षेत्र स्थित माता सती मंदिर पर अपनी पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान जनता के बीच से एक युवक उठा और जब तक कोई कुछ समझ पाता उसने हाथ में जूता लेकर मंच की ओर फेंक दिया। हालांकि यह जूता मौर्य को न लग कर पोडियम के बराबर में लगे मोबाइल




रिकार्डिंग स्टैंड से टकराया। अचानक हुई इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। भागते हुए युवक को पुलिस ने तुरंत दबोच लिया और जनसभा स्थल से पकड़ कर थाने ले गई। इससे पूर्व फतेहाबाद चौराहे पर अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को काले झंडे दिखाए। उन्होंने कार पर स्याही भी फेंक दी। स्वामी प्रसाद मौर्य वापस जाओ के नारे लगना शुरू हो गए।

# राहुल गांधी और दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली से किया नामांकन

### समूचा गांधी परिवार रहा मौजूद , अमेठी से के एल शर्मा ने भरा पर्चा

रायबरेली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी परिवार की परंपरागत लोकसभा सीट रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं । उनके नामांकन के मौके पर आज परिवार रायबरेली पहुंचा। रायबरेली में आज नामांकन की आखिरी तारीख थी। राहुल गांधी अपनी मां सोनिया गांधी , बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ नामांकन के लिए रायबरेली पहुंचे । इस सीट के लिए पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। बाद में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। उधर अमेठी से किशोरी लाल शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

रायबरेली नेहरू - गांधी परिवार की परंपरागत सीट है । श्रीमती सोनिया गांधी लोकसभा में 1999 से इस सीट का लगातार प्रतिनिधित्व करती चली आ रहीं हैं। स्वास्थ्य ठीक



नहीं होने का हवाला देते हुए श्रीमती गांधी ने इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद इस सीट को लेकर तरह-तरह की अटकालें लगाई जा रही थीं। अटकलें थीं कि राहुल गांधी केरल के वायनाड के साथ ही अपने पुराने अमेठी संसदीय क्षेत्र से और श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी । आज यह साफ हो गया कि श्रीमती वाड्रा चुनावी राजनीति से बाहर रहकर कांग्रेस के लिए प्रचार करती रहेंगी।

पार्टी ने अमेठी की प्रतिष्ठित सीट से नेहरू गांधी परिवार के भरोसेमंद किशोरी लाल शर्मा को टिकट दिया है। पंजाब मूल के केएल शर्मा राजीव गांधी के करीबी थे ।

# अमेठी में किशोरी लाल ने पर्चा भरा



अमेठी । हाई प्रोफाइल अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। श्री शर्मा ने दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अपना नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस ने आज सुबह ही उन्हें अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था हालांकि वह गुरुवार को ही अमेठी आ गये थे ।

और रोड शो की अनुमति भी जिला प्रशासन से ले ली थी । कयास लगाये जा रहे थे कि इस सीट से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी का सामना करेंगे। आज दोपहर अमेठी पहुंची कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शर्मा की जीत के लिये अमेठी की जनता से अपील की। उन्होंने नामांकन से पहले कांग्रेस प्रत्याशी के साथ रोड शो किया। उनके साथ राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्रीअशोक गहलोत भी शामिल हुए। श्रीमती वाड्रा ने नामांकन सभा को संबोधित करते हुए कहा हम यह चुनाव आपके लिए लड़ रहे हैं। हम आपके साथ खड़े हैं । आज तीन मई है और आज से चुनाव तक हम आपके साथ रहेंगे। उन्होंने कहा 卐 चुनाव तक हम आपके साथ रहकर किशोरी लाल जी को जीत दिलाएंगे। इनको यहां से सांसद बनाएंगे। हमने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। हमें आपकी आवाज उठानी है। शर्मा जी 48 सालों से अमेठी की सेवा कर रहे हैं। यहां की गली-गली गांव गांव यह जानते हैं।

# चौथे चरण में 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

नयी दिल्ली लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे।

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस चरण में आन्ध्र प्रदेश की 25, बिहार की 5,जम्मू कश्मीर की एक, झारखंड की 4, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की 4, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए चुनाव होगा।

नामांकन की अंतिम तारीख 25 अप्रैल तक कुल 4264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1970 नामांकन पत्र वैध पाए गए।

तेलंगाना की 17 सीटों के लिए 525, आंध्र प्रदेश की 25 सीटों के लिए 454, महाराष्ट्र की 11 सीटों के लिए 298 और उत्तर प्रदेश की 13 सीटों के लिए 130 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जम्मू कश्मीर





की एक सीट के लिए ही 24 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

तेलंगाना में सभी 17 संसदीय सीटों के लिए सबसे अधिक 1488 नामांकन पत्र भरे गए। इसके बाद आंध्र प्रदेश में सभी 25 संसदीय क्षेत्रों से 1103 नामांकन फॉर्म भरे गए। तेलंगाना के संसदीय क्षेत्र 7-मलकजगिरि में सबसे अधिक 177 नामांकन पत्र दायर किये गये। वहीं तेलंगाना में ही संसदीय क्षेत्र 13-नलगोंडा और 14-भोंगीर में 114-114 नामांकन पत्र दायर किये गए। चौथे चरण में संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।

### अवारा कुत्ते के काटने के मामले में साढे सात लाख रूपये का मुआवजा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उत्तर प्रदेश सरकार को अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के परिसर में अवारा कुत्ते के काटने से एक व्यक्ति की मौत के मामले में परिजनों को साढे सात लाख रूपये का मुआवजा देने को कहा है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को मृतक सफदरर अली खान के परिजनों को साढे सात लाख रूपये का भुगतान करने को कहा है। मानवाधिकार संस्था ने आठ सप्ताह के अंदर इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट उसे देने की भी बात कही है। आयोग ने इस संबंध में पिछले वर्ष 17 अप्रैल की मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव , अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के उप कुलपति और अलीगढ मुस्लिम निगम के आयुक्त को नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। संबंधित अधिकारियों से मिली जानकारी के आधार पर आयोग ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर पूछा था कि मृतक के परिजनों को आर्थिक राहत के रूप में साढे सात लाख रुपये का भुगतान करने की सिफारिश क्यों नहीं की जाए।

# सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम राहत देने पर विचार करने का दिया संकेत

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित धनशोधन एक मामले में गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर अंतरिम जमानत देने पर विचार करने का शुक्रवार को संकेत दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान मौखिक तौर पर कहा कि उसने अभी कोई फैसला नहीं किया, लेकिन सुनवाई लंबी चलने की संभावना के मद्देनजर वह अंतरिम जमानत के सवाल पर विचार कर सकती है। पीठ स्पष्ट करते हुए कहा कि वह केवल सभी संबंधित अधिवक्ताओं को सूचित कर रही है कि सुनवाई जल्द पूरी नहीं होने की संभावना के मद्देनजर याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत देने पर विचार किया जा सकता है।



### मान के आवास के बाहर की सड़क फिलहाल नहीं खुलेगी

नयी दिल्ली,उच्चतम न्यायालय ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चंडीगढ़ स्थित आवास के बाहर की सड़क परीक्षण के तौर पर आम लोगों की आवाजाही के लिए खोलने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी,सीबीआई से मांगा जवाब

नयी दिल्ली दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से जुड़े कथित शराब घोटाला मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को शुक्रवार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।



## सम्पादकीय

# आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में पहली कार्रवाई

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी।

इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है।

उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा-मर्यादा और नियम-कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा-सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या-क्या न कहा गया। माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष-रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया।

विपक्ष में स्थितिजन्य आक्रामकता स्वाभाविक ही होती है। सत्ता अपने व्यवहार से उसको परिमार्जित करती है। खरगे और राहुल सरकार की नीतियों की आलोचना के अधिकार के प्रयोग में सभ्यता भूलते रहे हैं। वे न केवल प्रधानमंत्री को निजी स्तर चोट पहुंचाने वाली भाषा का धड़ल्ले से प्रयोग करते सुने-देखे गए हैं, बल्कि तू-तड़ाक पर भी उतर आए हैं। यह भी रिकार्ड है कि नरेन्द्र मोदी देश के सर्वाधिक आलोच्य प्रधानमंत्री हैं।

# हिंदुत्व के स्टार प्रचारक बने-योगी आदित्यनाथ



मृत्युंजय दीक्षित

लोकसभा चुनाव के दो चरण का मतदान पूरा हो चुका है और उनकी रिपोर्ट के आधार पर सभी राजनैतिक दलों ने अगले चरण के मतदान के लिए अपनी सारी ताकत झोंक दी है। वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य में सभी दलों के स्टार प्रचारक अपनी विचारधारा के प्रचार में जुटे हैं। 2024 लोकसभा चुनावों में सबसे अधिक स्टार प्रचारक भारतीय जनता पार्टी के पास हैं जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं, अबकी बार 400 पार के नारे के साथ संपूर्ण भारत में आक्रामक प्रचार में जुटे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बाद जो स्टार प्रचारक सबसे अधिक चर्चा में है वह हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल उत्तर प्रदेश में ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं अपितु दूसरे राज्यों में भी उसी तरह प्रचार कर रहे हैं। अब तक 24 दिनों में वो सात राज्यो में 25 रैलियां व दो रोड शो कर चुके हैं । योगी जी की मांग सबसे अधिक उन सीटों व क्षेत्रों में है जहां राजपूत व क्षत्रिय मतदाता अधिक हैं तथा जहां ध्रुवीकरण की संभावना अधिक है वह उन स्थानों पर भी रैलियां कर रहे हे जो हिंसा से प्रभावित रहे हैं। दूसरे राज्यों में योगी जी की लोकप्रियता बुलडोजर बाबा के रूप में भी हो रही है। योगी जी अब तक पश्चिम बंगाल, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ जम्मू -कश्मीर और बिहार में रैलियां कर चुके हैं। बंगाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चार रैलियां की हैं जो मुस्लिम बहुल और हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों में हुई है। योगी जी ने आसनसोल ल में भी रैली की जहां भाजपा दो बार जीत चुकी है। बंगाल एक ऐसा राज्य है जहां के कट्टरपंथी मौलाना मुख्यमंत्री योगी जी को देख लेने की धमकी तक दे चुके हैं किंतु वह बंगाल जाकर और अधिक आक्रामक होकर हिंदुत्व का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। वह अपनी जनसभा में बंगाल में रामनवमी पर हुई हिंसा की याद दिलाते हुए कहते है कि अगर कोई यूपी में रामनवमी के अवसर पर दंगा करता है तो उसे उल्टा लटका कर ठीक कर दिया जाता है। उन्होंने बंगाल में योगी जी ने साफ संदेश दिया कि मोदी जी की तीसरी बार सरकार आने पर रामनवमी और बैसाखी के दंगाइयों और संदेशखाली के जिम्मेदार गुंडों को सजा दिलाने का काम करेंगे। छत्तीसगढ़ में योगी जी ने तीन रैलियां की हैं जिसमें दो सीटें कांग्रेस व एक भाजपा की रही है। नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में योगी जी का 21 बुलडोजर से बेहद भव्य स्वागत किया गया था जो बहुत चर्चित रहा था। यहां पर उन्होंने लव जिहाद व नक्सलवाद के साथ कांग्रेस के आंतरिक समझौते का मुद्दा मुखरता के साथ उठाया। मुख्यमंत्री योगी ने उत्तराखंड की 5 लोकसभा सीटों के लिए 4 रैलियां की और उसमें उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश हो या उत्तराखंड या देश को कोई भी कोना जो कानून नहीं मानेगा उसका राम नाम सत्य ही होगा। कुछ लोगों को लगता था कि अपराध करेंगे तो जेल चले जाएंगे लेकिन जेल जाने से पहले ही हम जहन्नुम में पहुंचा देते हैं। राजस्थान में भी उन्होंने चार रैलियां व 2 रोड शो किये जिनमें भारी भीड़ आयी । राजस्थान में उन्होंने देश की सुरक्षा का मुददा जोर शोर से उठाया और कहा कि कांग्रेस देश की सुरक्षा व आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। योगी का कहना है कि आज देश में कहीं पर पटाखा भी फटता है तो सबसे पहले पाकिस्तान सफाई देता है कि हमारा उसमें कोई हाथ नहीं है क्योंकि उसे पता है कि उसका क्या परिणाम होगा क्योकि यह बदला हुआ भारत है। राजस्थान में योगी ने राजपूत ,जाट व मीणा समाज के बाहुल्य क्षेत्रों तथा जहां पर हिंदू - मुस्लिम ध्रुवीकरण भी आसानी से हो जाता है वहां पर रैलियां कर समां बांधा है। इसी प्रकार महाराष्ट्र में भी वह 6 रैलियां कर चुके हैं। अभी तक बिहार में केवल दो रैलियां ही हो पाई है किंतु वहां पर अभी उनकी और रैलियां प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 पार के नारे के साथ अबकी बार यूपी में 80 की 80 सीटों पर कमल खिलाने के संकल्पवान हैं और वह इसके लिए काफी कड़ी महनत भी कर रहे हैं अब उस मेहनत का उन्हें कितना प्रतिफल मिलता है यह तो 4 जून 2024 की मतगणना के दिन ही तय हो सकेगा। यूपी में भी योगी 75 से अधिक रैलियां व रोड षो कर चुके है। उत्तर प्रदेश की रैलियों में योगी जी आक्रामकता के साथ सपा , बसपा व कांग्रेस पर हमलावर हो रहे है। वह कांग्रेस को उसके घोषणापत्र के छिपे हुए हिंदू विरोधी एजेंडे के आधार पर बेनकाब कर रहे हैं। योगी जी स्पष्ट रूप से हमला करते हुए कह रहे हैं कि अगर कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोग सत्ता में वापस आये तो यह लोग देश में शरिया लागू कर देंगे और हमारे गोवंश को कसाई के हाथों में दे देंगे। योगी जी अपनी हर जनसभा में जनता को याद दिला रहे हैं कि कांग्रेस के कारण ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण लटका रहा। कांग्रेस ने ही भगवान राम को कोर्ट में काल्पनिक बताया था। संपत्ति के विभाजन, मंगलसूत्र और विरासत टैक्स का मुद्दा भी वे अपनी रैलियों में उठा रहे हैं। योगी जी बेटियों की सुरक्षा व कानून व्यवस्था पर कोई समझौता नहीं करने वाले हैं और वह बार -बार कहते हैं कि अगर कोई बहिन- बेटियो की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करेगा तो उसका राम नाम सत्य ही होगा। योगी जी कह रहे हैं कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का काम हो गया अब मथुरा की गलियां भी श्रीकृष्ण की बांसुरी सुनने के लिए बैचेन हो रही हैं । अब वह काम भी जल्द ही पूरा हो जाएगा। योगी जी का कहना है कि कांग्रेस पहले तो केवल दिशाहीन थी किंतु अब तो नेतृत्वविहीन भी हो चुकी है।योगी जी कहते हैं कि कांग्रेस को वोट देने से कोई बड़ा पाप नहीं हो सकता। दूसरे राज्यों में जाने पर योगी जी का भव्य स्वागत किया जाता है । इसमें कोई दो राय नही कि उत्तर प्रदेश में अयोध्या में दिव्य, भव्य एवं नव्य राम मंदिर बन जाने के बाद उनकी लोकपियता में भारी वृद्धि हुई है तथा उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन का व्यापक विस्तार व विकास हो रहा है।

अभी लखनऊ में आयोजित आईपीएल टूर्नामेट के मुकाबले के लिए पधारे क्रिकेट खिलाड़ी पीटरसन से लखनऊ एयरपोर्ट की तारीफ करते हुए योगी जी की प्रशंसा की और उसे सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि उत्तर प्रदेश में अविश्वसनीय विकास व अच्छा काम हो रहा है। योगी जी के नेतृत्व में कानून का राज है, अपराधियों का मनोबल गिरा हुआ है और विकास के लिए निवेश का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

# राजनीति में छिपे सियार की कलंक कथा है

मनोज कुमार अग्रवाल

कर्नाटक का एक ऐसा सैक्स टेप कांड जिसने न सिर्फ पूरे देश को हिला कर रख दिया है वरन राजनीतिक नेताओं के आवरण में छिपे ऐसे शातिर चरित्र को उजागर किया है जिसने भारतीय राजनीति के इतिहास में ऐसा कलंकित दाग लगा दिया है जिसे मिटाना और भुलाना मुश्किल होगा। अभी तक सिर्फ संत के भेष में छिपे आशाराम राम रहीम जैसे लोगों के कुत्सित चरित्र उजागर हुए थे राजनीतिक नेताओं में भी अमरमणी त्रिपाठी तंदूर कांड वाले सुशील शर्मा साक्षी महाराज कुलदीप सैंगर समेत कई नेताओं पर बलात्कार हत्या जैसे संगीन मामलों में आरोपी बन चुके हैं लेकिन मौजूदा मामले में रेवन्ना की कथित पेन ड्राइव जो बयान कर रही है वह राजनीति में छिपे एक बेहद अययाश व अनगिनत महिलाओं के साथ यौन बर्बरता भरी दरिंदगी करने वाले ऐसे राजनीतिक की कलंक कथा का संकेत है जो लम्बे समय तक शर्मसार करती रहेगी हालांकि अभी इस हाइप्रोफाइल प्रकरण की जांच होने पर स्थिति और साफ सामने आएगी। ज्ञात हो कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना और हासन सीट से सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना पर गंभीर आरोप लगे हैं। रेवन्ना पर अपने घर में अनगिनत लड़कियों के साथ यौन शोषण करने, उनका अश्लील वीडियो बना कर उन्हें डराने-धमकाने का सनसनीखेज आरोप है। कर्नाटक सरकार ने जनता दल (सेक्यूलर) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए रविवार को एक विशेष जांच दल गठित किया।कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी द्वारा सरकार को एक पत्र लिखे जाने के बाद यह कदम उठाया गया। रेवन्ना (33) हासन लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। जद (एस) पिछले साल सितंबर में राजग में शामिल हो गया था। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की तीन सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) बिजय कुमार सिंह करेंगे। अन्य दो सदस्य, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुमन डी. पेनेकर और मैसुरु की पुलिस अधीक्षक सीमा लाटकर हैं। एसआईटी को शीघ्र अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है। प्रज्वल की संलिप्तता वाले कुछ वीडियो क्लिप का हाल के दिनों में हासन में वायरल किया गया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एसआईटी गठित करने की घोषणा की थी। उन्होंने शनिवार देर रात सोशल मीडिया मंच %एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो मामले में एक विशेष जांच दल गठित करने का फैसला किया है।मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पुलिस के पास यह सूचना है कि विधायक एवं पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल देश छोड़कर चले गए हैं। प्रज्वल ने अपने चुनाव एजेंट के जरिए अधिकारियों के समक्ष यह शिकायत दायर की कि वीडियो में छेड़छाड़ की गई है और चुनाव से पहले उनकी छवि धूमिल करने के लिए इसका प्रसार किया जा रहा है। गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने कहा, प्रज्वल के विदेश चले जाने के मामले में एसआईटी उन्हें वापस लाने और जांच जारी रखने के लिए जिम्मेदार होगी। हम एसआईटी से नहीं कहेंगे कि जांच कैसे करनी है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, हमारा सिर शर्म से झुक गया है। शिवकुमार, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भी हैं। उन्होंने कहा, मैंने मीडिया में देखा कि वह %भाग% गए हैं। यह एक अक्षम्य अपराध है। यह शर्म का विषय है। वह एक सांसद हैं और पूर्व प्रधानमंत्री के पोते हैं। एसआईटी पर सरकार के आदेश में कहा गया है कि यौन अपराध को अंजाम देने वालों, इसका वीडियो बनाने वाले और फिर इसे सार्वजनिक करने वाले लोगों को जांच के दायरे में शामिल किया जाए। आपको बता दें कि इस मामले में 200 अश्लील क्लिप्स वायरल हुई हैं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं। जबकि कुल 2976 से ज्यादा सेक्स क्लिप्स होने की बात सामने आ रही है। दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं। प्रज्वल अपने रसोईये की बेटी से भी आपत्तिजनक बातें और छेड़छाड़ करता था। जिस लिहाज से इस केस में अश्लील फोटो और वीडियो वायरल होने की खबर है, उस हिसाब से इसे भारत का अब तक का सबसे सबसे बड़ा सैक्स कांड कहा जा रहा है। आपको बता दें कि इस पूरे सेक्स कांड में प्रज्वल का एक पुराना ड्राइवर कार्तिक मीडिया के सामने आया है। कार्तिक वही है, जिसने प्रज्वल के फोन से अश्लील क्लिप्स को कॉपी किया था। कार्तिक ने 17 साल तक प्रज्वल के पास ड्राइवर की नौकरी की। पिछले साल जमीन से जुड़े एक मामले में दोनों के बीच विवाद हुआ और कार्तिक ने नौकरी छोड़ दी। कार्तिक का कहना है कि प्रज्वल और उसके परिवार ने उसकी जमीन को जबरन हथिया लिया और सवाल पूछे जाने पर उसको और उसकी पत्नी को प्रताड़ित किया।प्रज्वल के खिलाफ केस करने के लिए ड्राइवर कार्तिक ने कर्नाटक बीजेपी नेता देवराजे गौड़ा से संपर्क किया। देवराजे गौड़ा हासन में रेवन्ना परिवार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले नेता थे और पेशे से वकील हैं। 2023 में गौड़ा ने रेवन्ना के खिलाफ भाजपा के टिकट पर चुनाव भी लड़ा है। जानकारी के अनुसार जैसे ही प्रज्वल रेवन्ना को इस बात की भनक लगी तो उन्होंने कोर्ट से उनके खिलाफ किसी भी तरह के अश्लील वीडियो या फोटो को प्रसारित करने पर स्टे ले लिया। कार्तिक के मुताबिक, देवराजे गौड़ा ने कोर्ट ऑर्डर के मद्देनजर अश्लील क्लिप की एक कॉपी देने को कहा, जिससे उसे सीधे जज को देकर स्टे वेकेट किया जा सके। प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना ने कहा कि मैं नहीं जानता ये कैसी साजिश रची गई है। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो आसानी से डर कर भाग जाऊं। उन्होंने जो वीडियो रिलीज किए हैं, वे 4-5 साल पुराने हैं। हालांकि मामले में रेवन्ना को जांच पूरी होने तक पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है।रेवन्ना पर पूरा मामला रेवन्ना के घर पर काम करने वाली हाउस हेल्प की एफआईआर से सामने आया। महिला ने एचडी रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 354 (ए) यौन शोषण, 354(ष्ठ) पीछा करना, 506 धमकाना और 509 बोलकर या इशारों से महिलाकी गरिमा का अपमान करना के तहत केस दर्ज किया लेकिन एसआइटी ने शुरुआती जांच के बाद विधायक पिता व पुत्र के खिलाफ अपहरण और बलात्कार का केस धारा 376(2)(ठ्ठ) (बार-बार बलात्कार करना), 506 (आपराधिक धमकी), 354ड्ड(1)(द्बद्ब) (सेक्स की डिमांड करना), 354(ड्ड) (किसी महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से उस पर हमला या बल प्रयोग करना), 354(ष्) (नंगी या अर्ध-नग्न तस्वीरें अपलोड करना) आइटी एक्ट को जोड़ा गया है। प्रज्वल रेवन्ना के वायरल वीडियो को लेकर जेडीएस और भाजपा के बीच राजनीतिक तनातनी है। सेक्स टेप विवाद के बाद भाजपा ने उनसे दूरी बना ली है। प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के पोते पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे हैं। उन के पिता पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक हैं। प्रज्वल रेवन्ना ने 2014 में बैंगलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री ली थी। उसके बाद से वह राजनीति में सक्रिय हो गए। नवंबर 2019 में जब प्रज्वल रेवन्ना 29 साल के थे उन्हें जेडीएस का राज्य महासचिव नियुक्त किया गया था। इस सारे प्रकरण को लेकर भाजपा भी काफी असहज महसूस कर रही है क्योंकि रेवन्ना के साथ चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंच साझा कर रहे थे।

सारे प्रकरण ने भाजपा हाइकमान को भी बेहद धक्का लगा है। राजनीतिक सत्ता के कारण बौराए कुछ लोग किस तरह राक्षस बन कर सफेदपोश होने का नाटक कर महिलाओं की गरिमा व जीवन से खिलवाड़ करते हैं और कानून समाज नैतिकता का तनिक भी ध्यान नहीं रखते ऐसे अपराधी को उच्च स्तरीय जांच कर जल्द से जल्द सींखचों के भीतर कर सख्त सजा देना सुनिश्चित करना चाहिए।

# मोबाइल के बाहर भी हैं वाट्सएप विश्वविद्यालय

पिछले करीब दस वर्षों से भारत में वाट्सएप यूनिवर्सिटी के तो खूब चर्चे होते आये हैं, लेकिन बहुत कम लोगों को पता था कि इसके समांतर ही देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के जरिये भी ज्ञानगंगाएं प्रवाहित हो रही है जो युवाओं को उसी तरह से दीक्षित कर रहे हैं जैसे कि वाट्सएप विवि। इसका एक उदाहरण दिल्ली में दिखलाई दिया जब देश की राजधानी से सटे ग्रेटर नोएडा के एक निजी विवि के छात्र-छात्राओं ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस विश्वविद्यालय में पल्लवित हो रही प्रतिभाओं के बारे में शायद ही लोगों को पता चल पाता लेकिन एक न्यूज़ चैनल के पत्रकार ने इस प्रदर्शन में शामिल कुछ छात्रों के ज्ञान की जांच कर ली जो विरोध प्रदर्शन करने के लिये बुधवार को कांग्रेस के मुख्यालय की ओर जा रहे थे। आश्चर्य की यह बात सामने आई कि प्रदर्शन कर रहे जा रहे छात्रों में से कोई भी यह नहीं समझ पाया कि वे प्रदर्शन क्यों कर रहे थे। और तो और, उनके हाथों में जो तख्तियां थीं उनका अर्थ बतलाना तो दूर, वे उसे पढ़ तक नहीं पा रहे थे। जब पत्रकार ने युवाओं के हाथों में लगी तख्तियों पर सवाल करने शुरू किये तो पता चला कि उन्हें पता तक नहीं था कि किन मुद्दों को लेकर वे प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें केवल यह पता था कि वे कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और भाजपा के समर्थन में हैं। छात्र-छात्राओं के हाथों में जो तख्तियां थीं उनमें लिखा था- %पहले लेंगे आपका वोट फिर ले लेंगे मंगलसूत्र और नोट%, %मां-बहनों के गहनों पर नज़र न गड़ाओ%, %70 सालों में नहीं दी दीया-बत्ती अब छीन लेंगे आधी सम्पत्ति%, %नो प्लेस फॉर अर्बन नक्सल% आदि। छात्र-छात्राएं विवादित इनहेरिटेंस टैक्स या भाजपा के कथित विकसित भारत की अवधारणा तथा वास्तविकता के बारे में कुछ भी बतला नहीं पा रहे थे। यहां तक कि कांग्रेस के जिस घोषणापत्र का वे विरोध कर रहे थे, उसे किसी ने पढ़ा तक नहीं था। जाहिर है कि वे उसके बारे में वही सब कुछ कह रहे थे जो उन्हें बताया गया था या जो वाट्सएप विवि के माध्यम से उनके मोबाइलों तक पहुंच रहा है। छात्र जो तख्तियां हाथों में लिये हुए थे, उन पर लगभग वे ही नारे लिये हुए थे जो भाजपा के होते हैं। इनमें कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन की सरकार बनने पर लोगों का सोना और मंगलसूत्र छीन लेने की बात लिखी गयी थी। इस पर जब रिपोर्टर ने प्रश्न किये तो छात्र विषय से पूर्णतः अनभिज्ञ साबित हुए। साफ था कि उनके हाथों में ये तख्तियां पकड़ाई गयी थीं। अब यह शोध का विषय हो सकता है कि आखिर उन्हें ये नारे लिखकर किसने दिये और छात्रों से इस प्रकार का प्रदर्शन करवाने का औचित्य क्या था। फिर, क्या छात्रों की खुद की समझ इतनी भी नहीं है कि वे किसी के उकसाने पर या कहने पर ऐसा प्रदर्शन करने चले आये। निजी यूनिवर्सिटी में फीस, अधोसंरचना एवं सुविधाओं को देखें तो पता चलता है कि उसमें अच्छे-खासे खाते-पीते लोगों के बच्चे ही पढ़ सकते हैं। अगर ऐसे शिक्षण संस्थान में पढ़ने वालों की राजनैतिक समझ ऐसी हो तो अर्द्ध शिक्षित युवाओं को बहका पाना कितना आसान है, यह भी इस प्रदर्शन को देखकर समझा जा सकता है। पिछले 10 वर्षों से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केन्द्र सरकार के दौरान युवाओं व छात्रों का जिस प्रकार से ब्रेनवाश हुआ है उसका परिणाम किस तरह की युवा पीढ़ी को पैदा कर सकता है- यह भी इस वीडियो को देखकर समझा जा सकता है। भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आईटी के जरिये जिस अज्ञानता का प्रसार किया गया है उसका यह साक्षात उदाहरण कहा जा सकता है। यह वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। यही युवा विद्यार्थी वर्ग भाजपा-संघ का कोर वोटर है। मोदी की लोकप्रियता का आधार किस प्रकार की घृणा और विवेकहीनता पर टिकी है- यह भी इस वीडियो को देखकर जाना जा सकता है। छात्रों के साथ पत्रकार की हुई बातचीत जहां एक ओर छात्रों के सामान्य ज्ञान पर सवालिया निशान उठाती है वहीं देश की शिक्षा का स्तर क्या है- यह भी उससे जाहिर हुआ है। माना यह भी जा रहा है कि संचालकों की शह पर यह प्रदर्शन जुलूस निकाला गया था जो सम्भवतः भारतीय जनता पार्टी को खुश करना चाहते हों। ग्रेटर नोएडा में होने के नाते उत्तर प्रदेश की सरकार को भी खुश करने का इसका मकसद हो सकता है। छात्रों की राजनीति में भागीदारी में कोई बुराई नहीं है, बल्कि राजनीति में युवा शक्ति का सकारात्मक उपयोग किया जा सकता है। देश में पहले भी युवाओं व छात्रों द्वारा अनेक आंदोलन किये गये हैं जो देश के लिए परिवर्तकारी साबित हुए हैं। भगत सिंह इस देश के युवाओं के आदर्श हुआ करते थे और जेपी आंदोलन में युवा, छात्र नेताओं की भूमिका से सभी परिचित हैं। लेकिन शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रों का इस तरह से राजनैतिक इस्तेमाल किया जाना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। अगर छात्रों ने स्वस्फूर्त यह प्रदर्शन किया होता तो उन्हें निश्चित ही विषय की पूरी जानकारी होती तथा वे उन तमाम विषयों पर अधिकारपूर्वक बात करने के काबिल होते जो उनके हाथों में ली गयी तख्तियों पर लिखे हुए थे। लेकिन बुधवार को दिल्ली में निजी विवि के छात्रों के प्रदर्शन से जाहिर हो गया कि मोबाइल के बाहर भी वाट्सएप विश्वविद्यालय चलाए जा रहे हैं।

# साणंगपुर में प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

बोटाद। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की अध्यक्षता में शुक्रवार को बोटाद जिले के साणंगपुर में प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। गुजरात प्राकृतिक कृषि विज्ञान यूनिवर्सिटी एवं बीएपीएस. स्वामीनारायण संस्थान, साणंगपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री देवव्रत ने प्राकृतिक कृषि पर मार्गदर्शन दिया। इस तालीम सत्र में ज्ञानेश्वर स्वामी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्राकृतिक कृषि विज्ञान यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. सी के. टिम्बड़िया, प्राकृतिक कृषि अभियान के राज्य संयोजक प्रफुल्ल भाई सेंजलिया, जिला पुलिस अधिकारी अक्षय बुडानिया, जिला पुलिस अधीक्षक किशोरभाई बलोलिया, आत्मा, खेतीबाड़ी और बागायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित प्राकृतिक कृषि करने वाले किसान उपस्थित रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि प्राकृतिक कृषि मात्र खेती नहीं है, बल्कि पर्यावरण की रक्षा, गाय की सेवा और संवर्धन, लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा, रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाओं पर खर्च होने वाले धन की बचत है। देश में प्रवर्तमान तमाम समस्याओं का समाधान प्राकृतिक कृषि पद्धति है। प्राकृतिक कृषि ईश्वरीय और लोगों को खुशी प्रदान करने का कार्य है। उन्होंने कहा कि हम सभी को साथ मिलकर गुजरात को जहरमुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में सामूहिक पुरुषार्थ करना चाहिये। ग्लोबल वार्मिंग के लिये 24 फीसदी जिम्मेदार रासायनिक खेती है। इसका उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि आज हम देख रहे हैं कि छोटे बालकों से लेकर युवाओं को असाध्य रोग हो रहे हैं। हवा और पानी प्रदूषित हुए हैं। समग्र विश्व के देशों का वातावरण खराब हो रहा है। परंतु एक बात सत्य है कि कोई भी कार्य अकारण नहीं होता है। खानपान के रूप में हमारे शरीर में धीमा जहर जा रहा है। हम जो आहार ले रहे हैं, वह रोगों को आमंत्रित करता है।आजकल युवाओं में मोटापा बढ़ रहा है और पोषक तत्व घट रहे हैं, इसलिये सबसे पहले हमें हमारी धरती माता को सुपोषित करनी होगी। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि वर्तमान में गुजरात के नौ लाख से ज्यादा किसान प्राकृतिक खेती के साथ जुड़े हैं। प्राकृतिक खेती परमात्मा की श्रेष्ठ भक्ति है। प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण सत्र में 70 जितनी संस्थाओं के अग्रणी और प्राकृतिक कृषि करने वाले 200 से ज्यादा किसान उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उनके करकमलों द्वारा प्राकृतिक कृषि तालीम सत्र संबंधी पुस्तिका का विमोचन किया गया।

# चीन चांग ई-6 चंद्र अन्वेषण यान का प्रक्षेपण करेगा



वेनचांग। चीन शुक्रवार को चांग%ई-6 चंद्र अन्वेषण यान प्रक्षेपित करेगा। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने कहा कि स्थानीय समयानुसार आज शाम पांच बजे से छह बजे के बीच यान का प्रक्षेपण शाम 17:27 बजे लक्षित है। चांग%ई-6 मिशन को चंद्रमा के रहस्यमय सुदूर हिस्से से नमूने एकत्र करने और फिर पृथ्वी पर वापस लाने का काम सौंपा गया है। मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में अपनी तरह का यह पहला प्रयास है। सीएनएसए ने कहा कि लॉन्ग मार्च-5 वाई8 रॉकेट, चांग%ई-6 को ले जाएगा। चांग%ई-6 अंतरिक्ष यान में एक ऑर्बिटर, एक लैंडर, एक आरोही और एक रिटर्नर शामिल है। यान अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विकसित चार पेलोड ले जाएगा। फ्रांस, इटली और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरण चांग%ई-6 लैंडर पर हैं, जबकि पाकिस्तान का एक छोटा उपग्रह ऑर्बिटर पर है। सीएनएसए द्वारा 12 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लगभग 50 मेहमानों को चांग%ई-6 द्वारा ले जाए गए अंतरराष्ट्रीय पेलोड पर केंद्रित एक कार्यशाला में भाग लेने और हैनान में लॉन्च का गवाह बनने के लिए आमंत्रित किया गया है।

अपोलो बेसिन के रूप में जाना जाने वाला एक प्रभाव क्रेटर, जो चंद्रमा के दूर की ओर दक्षिणी ध्रुव-एटकेन बेसिन के भीतर स्थित है, को चांग%ई-6 मिशन के लिए प्राथमिक लक्ष्य लैंडिंग और नमूना स्थल के रूप में चुना गया है। अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर पहुंचने के बाद सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। लैंडिंग के 48 घंटों के भीतर, चंद्रमा की सतह से चट्टानों और मिट्टी को निकालने के लिए एक रोबोटिक हाथ बढ़ाया जाएगा, जबकि जमीन में छेद करने के लिए एक ड्रिल का उपयोग किया जाएगा। वैज्ञानिक ढंग से पता लगाने का काम साथ-साथ किया जाएगा। नमूनों को एक कंटेनर में सील करने के बाद, आरोही चंद्रमा से उड़ान भरेगा और चंद्र कक्षा में ऑर्बिटर के साथ डॉक करेगा सीएनएसए ने कहा कि पूरा मिशन लगभग 53 दिनों तक चलने की उम्मीद है।

# चीन में एक्सप्रेसवे का हिस्सा ढहा

गुआंगहो। चीन के उप प्रधानमंत्री झांग गुओकिंग ने गुआंगडोंग प्रांत में एक एक्सप्रेसवे का हिस्सा ढह जाने के बाद बचाव और राहत कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ने पर जोर दिया है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो सदस्य श्री झांग ने मीझोउ शहर में बुधवार को हुई घटना के बाद आपदा राहत कार्य के अवलोकन के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिये। उन्होंने घटनास्थल पर बचाव कार्यों को देखा और फिर घायलों की स्थिति के बारे में पूछताछ करने के लिए मेइझोऊ पीपुल्स अस्पताल गए।

श्री झांग ने कल शाम बचाव और आपदा राहत कार्यों पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए समय पर बचाव कार्य सुनिश्चित करने और चोटों के कारण होने वाली विकलांगताओं को कम करने के प्रयासों का आग्रह किया।

उप प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करने और यातायात व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास किए जाने चाहिए और सार्वजनिक चिंता के जवाब में जानकारी समय पर जारी की



जानी चाहिए। श्री झांग ने बाढ़ के मौसम में मौसम की बारीकी से निगरानी करने और प्रारंभिक चेतावनी और संयुक्त आपातकालीन प्रतिक्रियाओं को मजबूत करने के प्रयासों का भी आह्वान किया, ताकि आपदा के नुकसान को कम किया जा सके

## देखें किसने %फैशन गेम% में मारी बाजी?



अनन्या पांडे और तृप्ति डिमरीः बॉलीवुड एक्ट्रेसेस का फैशन गेम हमेशा ही टॉप पर रहता है. लेकिन यह तब और भी मजेदार हो जाता है जब कोई दो हसीनाएं लगभग एक जैसी ड्रेस पहन किसी इवेंट या पार्टी में पहुंच जाती हैं. बीती शाम एक अवॉर्ड फंक्शन के दौरान ब्लैक कलर की हाई स्लिट ड्रेस में अनन्या पांडे और तृप्ति डिमरी कहर बरपाती नजर आईं. आइए, यहां स्लाइड्स में देखते हैं अनन्या या तृप्ति में से किसका %फैशन गेम% बाजी ले गया...

तृप्ति डिमरी

बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने बीती शाम अवॉर्ड फंक्शन के दौरान अपने फैशन सेंस और स्टाइल गेम से हर किसी को चौंका दिया. तृप्ति डिमरी सिल्वर-ब्लैक कलर की हाई स्लिट ड्रेस में कहर बरपाती नजर आईं.

सिल्वर-ब्लैक ड्रेस में लगीं कमाल

तृप्ति डिमरी ने लो-नेकलाइन वाली सिल्वर-ब्लैक हाई स्लिट ड्रेस बेहद ही कॉन्फिडेंस के साथ कैरी की थी. तृप्ति डिमरी ने सिजलिंग ड्रेस के साथ किसी भी तरह की ज्वैलरी कैरी नहीं की थी.

## पियाजियो का पहला 'बैटरी सब्सक्रिप्शन मॉडल' पेश

कानपुर। पियाजियो ग्रुप की सहायक, छोटे वाणिज्यिक वाहनों के अग्रणी निर्माता और इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर के प्रवर्तक, पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने अपने आपे इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के लिए एक महत्वपूर्ण बैटरी सब्सक्रिप्शन मॉडल पेश किया है। पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन और एमडी डिएगो गैफी ने कहा पियाजियो इंडिया का नये उत्पादों तथा समाधानों के द्वारा ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देने का एक लंबा इतिहास है। उद्योग में पहली बार लाए गए इस 'बैटरी सब्सक्रिप्शन मॉडल' से बैटरी संबंधी चिंताओं को दूर करके और स्वामित्व का एक किफायती विकल्प प्रदान करके ईवी को अपनाने से जुड़ी एक और बाधा समाप्त हो गई है। हमें पक्का भरोसा है कि यह मॉडल अनुदान के बाद वातावरण में ईवी की वृद्धि को जारी रखेगा। एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट सीवी डोमेस्टिक बिजनेस अमित सागर पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, ''ग्राहक अब महज 30 हजार रुपये के डाउन पेमेंट और 8,000 रुपये की मासिक ईएमआई पर तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन खरीद सकते हैं।

## गैंगेस्टर एक्ट में भेजा जेल

माल लखनऊ (**जनता कनेक्शन**)। स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र में भय और आतंक फैलाने वाले अवैध तरीके से धन अर्जित करने और तार चोरी करने वाले गैंग लीडर साहिल निवासी लोहजरा और गैंग सदस्य संजय निवासी भनौरा गांव को मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक प्रिंश कुमार व अमरपाल साहू ने टीम के साथ दबिश देकर सैदपुर चौराहे के पास दे दबोच लिया। दोनों को गैंगेस्टर एक्ट की धारा2,/3 उत्तरप्रदेश गैंगेस्टर एक्ट में निरुद्धकर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।



## चोरो ने टावर से चुराया कीमती सामान,केस दर्ज

लखनऊ (**जनता कनेक्शन**)। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजौली में लगे टावर से बैखोफ चोरो ने जम्फर समेत अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ करते हुए फरार हो गये।पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी है।लखनऊ के एलडीए कालोनी निवासी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया उनकी कम्पनी का मोहनलालगंज के खुजौली में टावर लगा हुआ है, बीते 25-26अप्रैल की मध्यरात्रि बैखोफ चोर टावर में लगे आठ जम्फर समेत अन्य कीमती सामान खोलकर चोरी कर ले गयें।इंस्पेक्टर ने बताया पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिये पुलिस टीमो को लगाया गया हैं।

## अभियुक्त गिरफ्तार

माल लखनऊ(**जनता कनेक्शन**)। पुलिस ने न्यायालय की पेशियों से अनुपस्थित चल रहे अवैध कच्ची शराब निष्कर्षण करने के आरोपित को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार कर न्यायिक अभी रक्षा में भेजा। थाना क्षेत्र के कड़ौरा गांव निवासी मनोहरला को वर्ष2018में अवैध शराब बनाते समय पुलिस ने भट्ठी और बनाने के उपकर्णो के साथ गिरफ्तार कर अवैध कच्ची शराब निष्कर्षण की धारा60एक्साइज एक्ट व भट्ठी बरामदगी की धारा272में कार्यवाही की थी।

# मोदी के रोड शो के लिये रामनगरी तैयार

अयोध्या । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी के पक्ष में पांच मई को रोड शो करेंगे।

भाजपा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच मई को फैजाबाद संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी एवं सांसद लल्लू सिंह के चुनाव प्रचार में अयोध्या धाम के सुग्रीव किला से लता चौक तक शाम साढ़े पांच बजे से रोड शो करेंगे। रामपथ मार्ग पर करीब दो किलोमीटर के रोड शो को 40 ब्लाकों में बांटा गया है। रोड शो के दौरान जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्पन्न कराया जायेगा।

प्रधानमंत्री पांच मई को शाम पांच बजे के करीब महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचेंगे। उनका रोड शो अयोध्या धाम के सुग्रीव किला से लता मंगेशकर चौक तक होगा। यहां से वह रामपथ के लिए आगे बढ़ेंगे। करीब दो किलोमीटर दूरी तय करेंगे उसके बाद श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला के दरबार में साष्टांग दंडवत कर आशीर्वाद भी लेंगे।

भाजपा के सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत पूरे रास्ते में पुष्प वर्षा से किया जायेगा। संत-महंतों और बटुकों की ओर से शंखध्वनि करते हुए अगवानी की जायेगी। उन्होंने बताया कि पीएम के आगमन को ले करके पूरी तैयारियां कर ली गयी हैं। चार सौ बूथों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोगों को प्रधानमंत्री के रोड शो के लिये आमंत्रित किया है।

इस अवसर पर सांसद लल्लू सिंह, नगर निगम के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर निगम के पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने जनसम्पर्क अभियान चलवाया।

अयोध्या विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन से पहले चलने वाला स्वच्छता अभियान समाज में एक संदेश देने का कार्य करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या धाम में रोड शो कर फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के साथ अम्बेडकरनगर संसदीय क्षेत्र और बाराबंकी संसदीय सीट पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यह रोड शो भारतीय जनता पार्टी की ओर से किया जा रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह दूसरा रोड शो होगा। इसके पहले तीस सितम्बर 2023 को भी उन्होंने रोड शो किया था। इसी के साथ महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का लोकार्पण करते हुए जनसभा को भी सम्बोधित किया था।

भारतीय जनता पार्टी के संगठन की ओर से पीएम प्रधानमंत्री के रोड शो की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसमें बड़ी संख्या में नागरिकों के साथ संत-महंतों की भागीदारी सुनिश्चित करायी जायेगी। इसके लिए पार्टी नेताओं ने जनसम्पर्क शुरू कर दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने केवल लोगों को ठगने का काम किया : तेजस्वी

दरभंगा। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री ने दस सरकार के कार्यकाल में झूठ बोलकर लोगों को केवल ठगने का काम किया है। श्री यादव ने शुक्रवार को दरभंगा में मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी पर सरकार का ध्यान नहीं है। अब प्रधानमंत्री मुद्दे की बात नहीं करेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि शनिवार को यहां भी आकर प्रधानमंत्री मंदिर-मस्जिद हिंदू-मुस्लिम के बारे में ही बात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दरभंगा आ रहे हैं। उनके हिसाब से तो दरभंगा में एम्स बन चुका है। तो कल वे एम्स का मुआयना करेंगे कि कितना बढ़िया अस्पताल चल रहा है। सबका इलाज हो रहा है या नहीं हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री ने तीखा हमला करते हुए कहा कि पिछले दस साल से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। अपने पूरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री ने केवल लोगों को ठगने का काम किया है। केवल झूठ बोला है।

राजद नेता ने कहा कि राज्स में जब 17 महीने महागठबंधन की सरकार थी। तब एम्स के लिए नया जमीन देने का काम किया गया। साथ ही दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) के विस्तार करने का निर्णय लिया गया। पीएमसीएच की तर्ज पर 2500 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बन जाए। उन्होंने कहा कि जब वे स्वास्थ्य मंत्री थे उसी वक्त हमलोगों ने निर्णय लिया था कि डीएमसीएच का गौरवशाली वजूद बचा रहे और एम्स को अलग से जगह दे दिया। ताकि पूरे दरभंगा क्षेत्र का विस्तार और विकास हो सके।

श्री यादव ने एयरपोर्ट के सवाल पर कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट का टर्मिनल अभी तक ढंग से बनकर तैयार नहीं हुआ है। हवाई जहाज लैंड कर रही हैं, लेकिन टिकट की कीमतें पूरे देश में सबसे महंगी है। वही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बोलते थे कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई सफर करेंगे। लेकिन टिकट की कीमत देखने से लगता है कि हवाई चप्पल वाले क्या, उच्च मध्यम परिवार के लोग भी टिकटों की कीमत से परेशान है।

# धैर्य के साथ मेहनत करें तो लक्ष्य की प्राप्ति आसान हो जाती है : बबीता सिंह



चन्दौसी। यदि व्यक्ति धैर्य के साथ मेहनत एवं परिश्रम करता रहे तो लक्ष्य की प्राप्ति आसान हो जाती है और समय आने पर परिश्रम का फ्ल अवश्य मिलता है। इसी तरह मेहनत एवं परिश्रम से चन्दौसी के मौहल्ला सैमरटोला नि0 बबीता सिंह ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर परिवार एवं नगर का नाम रोशन किया है।

चन्दौसी के मौहल्ला नि0 प्रीतम बाबू की बेटी बबीता सिंह ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से राजनीति विज्ञान विषय में पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। बबीता ने बताया कि उनका विषय 'महिला उत्पीड़न नियंत्रण में प्रशासनिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका जनपद मुरादाबाद के संदर्भ एक अध्ययनन' रहा तथा संपूर्ण शोध कार्य डा0 अनिल कुमार (अध्यक्ष राजनीति विज्ञान, एस.डी. डिग्री कॉलेज, मुजफ्फ्रनगर) के निर्देशन किया गया। बता दें कि वर्तमान में बबीता अमरोहा के हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। बबीता को पी.एच.डी. की उपाधि मिलने पर हाशमी एजूकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डा0 सिराजउद्दीन हाशमी, प्राचार्या डा0 रिजवाना कुलसुम व कॉलेज के स्टाफ द्वारा शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

साथ बेटी की इस सफ्लता पर परिवार हर्षोल्लास है। बबिता ने अपनी इस सफ्लता का श्रेय माता-पिता एवं शुभचिंतकों को दिया है।

## नये यूपी में नये संभल की अपनी पहचान होनी चाहिए: योगी



संभल/चन्दौसी। कैलादेवी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में कहा, कि कोरोनाकाल में लगे हर टीके से एक ही आवाज आ रही है नरेंद्र मोदी जिंदाबाद।उन्होने कहा कि नए भारत में नया यूपी और नये यूपी में नये संभल की अपनी पहचान होनी चाहिए। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने कहा की पूरा देश भाजपामय हो चुका है और देश को दुनिया में नंबर एक बनाने में जुटा है। शुक्रवार को जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नए भारत में नया यूपी और नये यूपी में नये संभल की अपनी पहचान होनी चाहिए। दो चरणों का रूझान एक स्वर में बोल रहा है फेर एक बार फ्रि मोदी सरकार आ रही है। भाजपा के शासन काल में अब सम्मान बढ़ा है आतंकवाद नक्सलवाद नियंत्रण हुआ है। पटाखा फूट जाए, तो पाकिस्तान सफाई देता है। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में 2014 से पहले लोग मरते थे। अब पीएम आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड नहीं हैं, तो उसे विधायक, सांसद का पत्र मेलने पर पीएम जनधन खाते में लाभ पहुंचाते हैं। किसान सम्मान निधि का लाभ 12 करोड लोगों को मिल रहा है। नारी गरिमा के लिए 12 करोड शौचालय, उज्जवला योजना कनेक्शन, चार करोड लोगों को पक्के मकान दिए हैं।

## नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर सड़क सुरक्षा के बताए

फतेहपुर द्य सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी फतेहपुर ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाडा 22.04.2024 से 04.05.2024 तक आयोजित करने के सम्बन्ध में है. के आदेशानुसार सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में बढ़ती हुई मृतकों की संख्या में कमी लाने के उ?द्देश्य से जन सामान्य को यातायात एवं सडक सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करके एवं इनके पालन के प्रति संवेदनशील बनाकर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने के दृष्टिगत सतत्त स्टेक होल्डर विभागों के सहयोग से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके कम में आज दिनांक 03.05.2024 को कार्यालय में लाइसेंस व वाहन सम्बन्धित कार्यों हेतु आने वाले आवेदकों को नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाकर पम्पलेट का वितरण किया गया। उक्त सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्रीमती पुष्पांजलि मित्रा गौतम, यात्रीकर अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह व कार्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# संभल : योगी और मोहन यादव ने भरी हुंकार, विपक्ष का बुरा हाल



संभल/चन्दौसी। असमोली संभल लोकसभा क्षेत्र की असमोली विधानसभा में आज उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का संभल आगमन हुआ। जहां कैला देवी माता के दर्शन करने के बाद दोनों मुख्यमंत्रियों ने विशाल जनसभा को संबोधित किया और भाजपा के लिए वोट मांगे।

लोकसभा चुनाव के दौर में संभल में इन दिनों बड़े भाजपा नेताओं का आगमन हो रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को असमोली विधानसभा में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी के साथ मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव ने विशाल जनसभा को संबोधित किया एवं मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। सभा में संभल से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के लिए आगामी 7 मई को वोट देने की अपील की। इसी के साथ ही दोनों मुख्यमंत्रियों ने विपक्ष और उनकी नीतियों पर भी हमला करते हुए संभल को पिछड़ा हुआ संभल बताया। संभल के विकास के लिए परमेश्वर लाल को बोट देकर सांसद बनाने का काम कीजिए योगी ने कहा कि कांग्रेस ओर समाजवादी पार्टी का गठबंधन तो ऐसे है जैसे किसी अनाड़ी हाथो में ट्रैक्टर दे दिया दिया जाए और वो बिना सोचे समझे किसी पर भी चढ़ा दे इन दो लड़कों का हाल तो ये है की माफ्यिाओं व गुंडों को गले का हार बनाते थे संतो को प्रताड़ित करते थे आज व्यापारी और महिलाए सुरक्षित है आज भव्य राम मंदिर निर्माण हो रहा है दूसरी तरफ माफ्यिाओं का राम नाम सत्य हो रहा है यह गठबंधन स्वार्थ का गठबंधन है आज पाकिस्तान का पूर्व मंत्री राहुल की प्रशंसा करता है भारत पर कोई भी संकट आएगा तो सबसे पहले राहुल गांधी इटली भाग जायेंगे ओर चुनाव में राम याद आते है।

इस जनसभा में संभल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के साथ मंच पर राज्य मंत्री गुलाबो देवी, राज्य मंत्री जसवंत सैनी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष मुरादाबाद आकाश पल, राजेश यादव, डाक्टर अनामिका यादव,जिलाप्रभारी हेमंत राजपूत, लोकसभा प्रभारी राकेश चौहान,पंकज गुप्ता, धर्मेन्द्र मिश्रा, भुवनेश राघव,ओमवीर खड़गबंशी, सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। हजारों की संख्या जनता उपस्थित रही।

## कोचिंग छात्राओं ने की होस्टल प्रबंधन की शिकायत

कोटा। राजस्थान में कोटा की संभागीय आयुक्त उर्मिला राजौरिया के एक नामी कोचिंग संस्थान के परिसर के अवलोकन और छात्राओं से रूबरू होने के दौरान ही छात्राओं ने एक होस्टल की कई शिकायतें की तो उन्हें होस्टल के वार्डन को हटाने के निर्देश देने पड़े। संभागीय आयुक्त ने गुरुवार को जब जवाहर नगर में एक कोचिंग संस्थान का दौरा किया था तो दो छात्राओं ने हॉस्टल संबंधित शिकायत भी की। एक छात्रा का कहना था, मैं जिस होस्टल में रहती हूं, वहां मुझे सुबह से ब्रेकफास्ट नहीं मिला। रोजाना हॉस्टल में ब्रेकफास्ट देरी से बनता है और क्लास जल्दी शुरू हो जाती है। दूसरी छात्रा ने राजौरिया से कहा कि वह जिस होस्टल में रहती है,उसके वार्डन का व्यवहार ठीक नहीं है। यूपीआई से पेमेंट नहीं लेती और कैश मांगती हैं। इस पर संभागीय आयुक्त एवं नोडल अधिकारी दोनों हॉस्टल पहुंचे। यहां छात्राओं की शिकायतों की जांच की गयी तो दोनों जगह शिकायतें सही पाये जाने के बाद संबंधित हॉस्टल संचालक और लीज होल्डर को बुलाकर फटकार लगायी गयी। साथ ही नगर निगम की टीम को हॉस्टल में निरीक्षण के लिये भेजा गया। हॉस्टल की वार्डन को हटाने के निर्देश दिये गये।

## वांडा में मूसलाधार बारिश से अब तक 49 लोगों की मौत

किगाली। अफ्रीकी देश रवांडा में पिछले दो महीने से जारी मूसलाधार बारिश से अब तक करीब 49 लोगों की मौत हो गयी और 79 अन्य घायल हो गये। आपातकालीन प्रबंधन के प्रभारी मंत्री अल्बर्ट मुरासिरा ने राष्ट्रीय टेलीविजन को बताया कि यहां मूसलाधार बारिश के साथ ही बिजली गिरने और भूस्खलन जैसी घटनाएं हुईं। उन्होंने बताया कि बिजली गिरने से करीब 12 लोगों की मौत हो गयी जबकि अन्य लोगों की मौत जर्जर मकान गिरने से हुयी। सरकार ने देश भर में लगभग पांच हजार निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। मूसलाधार बारिश से आयी आपदाओं के कारण घर, पुल, स्कूल भवन, सड़क नेटवर्क और हेक्टेयर वृक्षारोपण सहित बुनियादी ढांचे नष्ट हो गये। रवांडा मौसम विज्ञान एजेंसी ने मई के पहले 10 दिनों में रवांडा के कई हिस्सों में घनघोर बारिश होने की चेतावनी दी थी। रवांडा जल संसाधन बोर्ड ने भी मंगलवार को देश में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण कुछ नदियों के तट टूट जाने की चेतावनी दी, जिससे आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ आ जाएगी। इसलिए पहले से ही संभावित खतरे वाले क्षेत्रों को खाली करने की सलाह दी गयी।

गौरतलब है कि पिछले साल मई में पश्चिमी और उत्तरी रवांडा में मूसलाधार बारिश से अचानक आयी बाढ़ तथा भूस्खलन से 135 लोगों की मौत हो गई थी।

## श्रेयस अय्यर सकारात्मक के साथ चुनौतियों का करते है सामना : अभिषेक नायर

मुम्बई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सहायक कोच अभिषेक नायर कहा कि श्रेयस अय्यर अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सकारात्मक सोच के साथ सामना करते है। अभिषेक नायर ने कहा, वह उन लोगों में से हैं जो मानसिक तौर पर काफ़ी मज़बूत हैं। उनके अंदर किसी चीज़ के लिए शिकायत करने की आदत नहीं है। कुछ चीजे उनके नियंत्रण में नहीं है लेकिन फ़िटनेस एक ऐसी चीज है जिसे नियंत्रित करना उनके बस में है। हमारे मेडिकल स्टाफ ने उनके ऊपर काफी मेहनत की है। रिजेक्ट होने के बावजूद उनकी सोच काफी सकारात्मक है और उनका ध्यान वापसी करने पर है। उन्होंने कहा, भले ही वह आईपीएल खेल रहे हों या भारत के लिए वह हमेशा रन बनाने की ही सोचते हैं। ऐसा नहीं है कि वह उनके साथ हुए इन घटनाक्रमों से प्रभावित नहीं हुए हैं, लेकिन जिस तरह से उन्होंने इन सबको हैंडल किया है वो तारीफ के काबिल है। अय्यर ने गुरुवार को नेट्स पर जमकर पसीना बहाया। आंद्रे रसल के साथ उन्होंने बड़े शॉट्स लगाने का अभ्यास किया। अय्यर के सामने सबसे नई चुनौती मुम्बई इंडियंस को उस वेन्यू पर हराना है, जहां उनकी टीम को पिछले 12 वर्षों से जीत का इंतजार है।



# दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीमों की करेगा मेजबानी



प्रिटोरिया। दक्षिण अफ्रीका इस वर्ष के आखिर में श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीम की मेजबानी करेगा और इस दौरान उसकी महिला टीम भी इंग्लैंड से मुकाबला करेगी। नवंबर 2024 से जनवरी 2025 की इस अवधि के दौरान पांच टेस्ट सहित कुल 17 मैच खेले जाएंगे। पुरुषों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। इस दौरान जोहैनेसबर्ग में एक भी मैच नहीं खेला जायेगा। यह लगातार दूसरी बार है जब गर्मियों के सीजन में इस मैदान एक भी टेस्ट मैच नहीं हो रहा है। सत्रों ने बताया कि इस जोहैनेसबर्ग में एनुअल पिंक डे के दिन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। यह मैच ब्रेस्ट कैंसर से पीड़िताओं के लिए फंड एकत्रित करने के उद्देश्य से खेला जाएगा। किंग्समीड और सेंट जॉर्ज्स पार्क श्रीलंका के साथ टेस्ट मैच खेला जायेगा। जबकि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 भी खेले जाएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट सुपरस्पोर्ट पार्क और न्यू ईयर टेस्ट न्यूलैंड्स में खेला जाएगा। फरवरी में पाकिस्तान में होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला भी खेली जानी है। ऐसे में एसए20 के कार्यक्रम से इसके ओवरलैप होने की भी पूरी संभावना है। महिला टीम इंग्लैंड के साथ तीन टी-20, तीन एकदिवसीय और टेस्ट खेलेगी। जिसमें एक ब्लैक डे एकदिवसीय भी होगा जो लैंगिक हिंसा के संबंध में जागरूकता के प्रसार के लिए खेला जाएगा।

## इंग्लैंड के स्पिनर जोश बेकर का निधन

लंदन। इंग्लैंड के वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के लिए खेलने वाले स्पिनर जोश बेकर का निधन हो गया है। वह 20 वर्ष के थे। वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बेकर के निधन की पुष्टि की है। हालांकि, अब तक उनकी मौत का कारण पता नहीं चल सका है। वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एशले जाइल्स ने बेकर के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, जोश के निधन की खबर ने हम सभी को दुखी कर दिया है। जोश एक टीम के साथी से कहीं



अधिक थे, वह हमारे क्रिकेट परिवार के अभिन्न अंग थे। हम सभी उसे बहुत याद करेंगे। हमारा सारा प्यार और प्रार्थनाएं जोश के परिवार और दोस्तों के लिए हैं।जाइल्स ने कहा, इस अत्यंत कठिन समय के में क्लब जोश के परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों का समर्थन करने के लिए समर्पित है। हम अपने दु:ख में एकजुट हैं और उनकी स्मृति को उल्लेखनीय व्यक्ति के अनुरूप सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भी जोश बेकर के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए लिखा है, ईसीबी जोश बेकर के असामयिक निधन की खबर जानकार बहुत ज्यादा दुखी है। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। उल्लेखनीय है कि जोश बेकर ने 2021 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने इस प्रारुप में कुल 22 मैच खेलते हुए 43 विकेट लिये। उन्होंने 17 लिस्ट ए मैचों में 24 और आठ टी-20 मुकाबले में तीन विकेट लिये।

## घर में ताला तोड़कर चोरी

औरैया/दिबियापुर। सहायल थाना क्षेत्र के गॉव पहाड़पुर लखुनों में बीती रात एक सूने घर में ताला तोड़कर चोरी कर ली। घटना के सम्बध में पीड़ित गृह स्वामी राजीव पटवारी पुत्र चन्द्रभान ने थाना पुलिस को जानकारी देकर घटना के खुलासे की मॉग की है। जानकारी के अनुसार गृहस्वामी जरूरी काम से परिवार समेत बाहर गया था जब सुबह वह वापस लौटा तब मुख्य दरवाजे के ताला टूटे होने से घटना की जानकारी हुयी द्य पीड़ित ने बताया कि चोरों ने बर्तन कपड़े एवं घरेलू सामान आदि चोरी कर लिया जिसमें करीब पच्चीस हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

## अखिलेश की जनसभा में जुटेगी भारी भीड़

औरैया/दिबियापुर। सात मई को औरैया के मण्डी समिति मैदान में सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की चुनावी जनसभा होगी। क्षेत्रीय सपा विधायक प्रदीप यादव ने गुरुवार देर शाम उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जनसभा में भारी संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने सपा के चुनावी कार्यालय में स्थानीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपते हुये कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रात: साढ़े नौ बजे तक सभा स्थल पर पहुँचना सुनिश्चित करें। उन्होंने दिबियापुर विधान सभा अध्यक्ष बीरेन्द्र राजपूत एवं भाग्यनगर के ब्लाकप्रमुख पति धीरेन्द्र दोहरे को जिम्मेदारी देते हुये कहा कि गर्मी में पार्टी कार्यकर्ताओं को दिक्कत न हो इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र इटावा के सपा प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे को सर्व समाज का समर्थन मिलने से उनकी जीत तय है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से आम जनता परेशान है इसका जबाव जनता तेरह मई को देने को तैयार है । उन्होंने कहा कि हार के डर से बौखलाये भाजपाई सपा के कार्यकर्ताओं को फर्जी मुकदमें में फंसाने का षड़्यंत्र कर रहे हैं लेकिन सपा का कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है। उन्होंने नगर अध्यक्ष रविन्द्र पोरवाल से नगर में जनसम्पर्क तेज करने को कहा। इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष बीरेन्द्र राजपूत, ब्लाकप्रमुख पति धीरेन्द्र दोहरे, सपा नेता तेहराज सिंह यादव , नगर अध्यक्ष रविन्द्र पोरवाल ,प्रधान संघ के अध्यक्ष भाऊ यादव, विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल , पूर्व सभासद प्रमोद यादव, सत्यदेव यादव एवं कार्यालय प्रभारी संजीव चौधरी आदि मौजूद रहे।

## नाजायज शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अजीतमल(स्वरूप संवाददाता)। थाना अजीतमल पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02.05.2024 को थाना अजीतमल पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र स्व0 कृपाशंकर निवासी धरमपुर थाना फफूंद जनपद औरैया उम्र करीब 35 वर्ष को सेंगर नदी पुल से 50 मीटर पहले फंफूद की ओर जाने वाली सड़क पर थाना क्षेत्र अजीतमल जनपद औरैया से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 17 क्वार्टर नाजायज देशी शराब बरामद हुई, पकड़े गये व्यक्ति का यह कृत्य अन्तर्गत धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध है उक्त के सम्बन्ध में थाना अजीतमल पर मु0अ0सं0 214/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किया गया है।

## सड़क पर दौड़ रहा डंपर बना आग का गोला

महोबा। कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में गुरुवार की रात्रि एक डंपर चलते चलते अचानक आग का गोला बन गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चालक अपनी जान बचाकर डंपर छोड़कर भाग निकला। आग की घटना में डंपर का आगे का हिस्सा पूर्ण रूप से जलकर खाक हो चुका है। जब घटना को पास में ही मौजूद 112 नंबर पुलिस ने देखा तो उक्त घटना की सूचना थाना प्रभारी एवं अग्निशमन विभाग महोबा को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से किसी प्रकार कडी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। बीती रात्रि ट्रक चालक कैलाश पुत्र विशुनता प्रजापति 40 वर्ष निवासी भारत सिंह नगर बार्ड नंबर 12 पंकज ऑटोमोबाइल्स कानपुर डंपर लेकर कबरई से गिट्टी लेने आ रहा था। अर्धरात्रि के समय जैसे ही डंपर ग्राम चिचारा के बस स्टैंड से पहले मवई खुर्द मोड के पास पहुंचा, तभी डंपर के इंजन में अचानक आग लग गई और ट्रक धू धू कर जलने लगा। गंभीर स्थिति को भापकर ट्रक चालक कैलाश अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। घटना के दौरान पास से ही गुजरती 112 नंबर पुलिस ने ट्रक को जलता देख तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी एवं अग्नि समन विभाग को दी।

# पत्रकार देश में सकारात्मक जनमत निर्माण करते हैं- विजय क्रास्ता

## निगोहां के संत फ्रांसिस इंटर कालेज में पत्रकारो को किया गया सम्मानित

जनता कनेक्शन

लखनऊ।विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को निगोहां कस्बे के संत फ्रांसिस इंटर कालेज में आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता ने वरिष्ठ पत्रकार उमेश गुप्ता,विमल सिहं चौहान,जय शुक्ला,मोईन खान,प्रीति बाजपेयी,प्रशान्त त्रिवेदी को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया।उन्होंने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी सम्मानित पत्रकार व छायाकार बंधुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में मीडिया कर्मियों की भूमिका अहम होता है। पत्रकार देश में सकारात्मक जनमत निर्माण करते हैं। पत्रकारिता ही समाज के लिए नई दिशा व दशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभाती है।अखबार व पत्र-पत्रिकाएं आमजनों की आवाज को बुलंद करने का काम करती है। मीडिया को लोकतंत्र का



चौथा स्तंभ कहा जाता है। समाज में मीडिया कर्मियों को अत्यधिक प्रतिष्ठा मिलती है। हमारे देश के साथ-साथ सभी देशों में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। पत्रकार अपनी कलम से समाज को सुरक्षा प्रदान करते हैं। स्वतंत्र व निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए पत्रकारों की सुरक्षा जरूरी है।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा,प्रदीप द्विवेदी,मनोज कुमार समेत कालेज के सभी शिक्षक व छात्र-छात्राये मौजूद रही।

## डीआरएम ने लखनऊ जंक्शन का किया दौरा

लखनऊ। यात्रियों की सुविधाओं और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन की व्यवस्थाओ में सुधार को लेकर शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक एवं इंफ्रा की उपस्थिति में मण्डल के शाखा अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और निर्माण कार्यो को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। डीआरएम आदित्य कुमार ने शुक्रवार को अपर मण्डल रेल प्रबन्धक एवं इंफ्रा राजीव कुमार की उपस्थिति में मण्डल के शाखा अधिकारियों के साथ लखनऊ स्टेशन के पुनर्विकास परियोजनाओं के कार्यों को अमल में लाने के लिए रेल भूमि विकास निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।इस दौरान मण्डल रेल प्रबन्धक ने लखनऊ जं स्टेशन पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए पुनर्विकास कार्य को करवाने के लिए ले-आउट प्लान के साथ संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और स्टेशन में यात्री सुविधा, सुरक्षा एवं सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, रेल लाइनों की क्षमता विस्तार हेतु तथा प्रमुख निर्माण कार्यों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समन्वय), वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, स्टेशन निदेशक, सहायक नगर इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

## मतदान बढ़ाने को दुकान-दुकान चिपकाएंगे स्टीकर

लखनऊ। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पदाधिकारियो को शपथ दिलाने के बाद बाजारों में दुकान-दुकान पर स्टीकर लगाएंगे और पदयात्राएं निकलेंगे। व्यापार मंडल लखनऊ महानगर के अध्यक्ष सुरेश छबलानी, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग,नगर महामंत्री अनुज गौतम, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, महामंत्री एकता अग्रवाल, ने बताया की राजधानी लखनऊ में मध्य प्रतिशत बढ़ाने के लिए संगठन द्वारा हजारों की संख्या में लखनऊ के प्रत्येक बाजार में प्रत्येक दुकान पर स्टीकर चिपकाए जा रहे हैं।इसी कड़ी में शनिवार को अमीनाबाद परिक्षेत्र में नजीराबाद बाजार से पदयात्रा निकाली जाएगी जिसमें अध्यक्ष संदीप बंसल स्वयं उपस्थित रहेंगे। पद यात्रा नजीराबाद बाजार से प्रारंभ होकर प्रकाश कुल्फी अमीनाबाद झंडेवाला पार्क होते हुए मौलवी गंज पर संपन्न होगी।

# जहर खाई वृद्ध महिला की डायल-112 पुलिस ने बचाई जान

मलिहाबाद,लखनऊ( **जनता कनेक्शन** ) । कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर वालों से नाराज़ वृद्ध महिला ने विषैला पदार्थ खा लिया। सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने एम्बुलेंस का इंतजार न कर महिला को तुरंत स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टरों ने महिला की जान बचा ली। पीआरवी 4822 की मेहनत से वृद्ध महिला को बचाने वाली पुलिस की क्षेत्र वासियों ने सराहना की। मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मंगलपुरा गांव की रहने वाली वृद्ध विधवा गंगा देई



60 वर्ष पत्नी स्व0 छोटेलाल के दो बेटे है नरेंद्र व बृजेश है। दोनो बेटे शादीशुदा है गंगा देवी कभी अपने छोटे बेटे के साथ तो कभी बड़े बेटे के साथ रहती थी । दोनो बेटो से अनबन के बाद वृद्ध महिला बीते एक माह से अलग रह रही थी। घर वालों से नाराज होकर गंगा देई ने शुक्रवार को दोपहर करीब 1ः30 बजे नवीपनाह व कसमंडी के सम्पर्क मार्ग से लगभग 600 मीटर अंदर जंगल में जाकर जहरीला पद्धार्थ खाकर बेसुध पड़ी थी । उसी दौरान खेत से आ रही एक युवती ने महिला को देखा और तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुँचे पीआरवी के सिपाही अमित कुमार सहित ड्राइवर देशराज ने बिना एम्बुलेंस का इंतज़ार किये वृद्ध महिला को कंधे पर उठाकर बाग से करीब 600 मीटर दूर खड़ी पीआरवी गाड़ी से लेकर आनन फानन मलिहाबाद समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने महिला का इलाज कर उसकी जान बचा ली। फिलहाल महिला अब खतरे से बाहर है और अस्पताल में भर्ती महिला का इलाज चल रहा है।पीआरवी पुलिस ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। पुलिस की इस कार्यशैली से क्षेत्रवासियो में काफी प्रसंशा की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## खंड शिक्षा अधिकारी की करते हैं मनमानी

बरेली।बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के कई शिक्षक और अंशकालिक अनुदेशकों को बरेली में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर संबद्ध किया हुआ है यही नही इन शिक्षक और अनुदेशकों के साथ तरह तरह के तर्क वितर्क दे कर खंड शिक्षा अधिकारियों ने कई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर अटैच कर रखा है। जिसकी वजह से उनके मूल तैनाती वाले स्कूल में बच्चों की शिक्षा पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। इसकी जानकारी महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा तक को हो चुकी है और इसके लिए महानिदेशक में मार्च माह में भी आदेश जारी कर इन सभी कर्मचारियों को कार्य मुक्त करते हुए उनके मूल विद्यालय में भेजने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए थे। लेकिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली संजय सिंह के कान के नीचे जूं तक नहीं रेंगीए नतीजा यह रहा कि न ही किसी अटैच किये गए अनुदेशक और न ही किसी शिक्षक को कार्यालय से कार्यमुक्त किया गया। और तो और आदेश आने के बाबजूद कुछ और कर्मचारियों को विभिन्न खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने कार्यालय से और अटैच कर लिया जिससे स्थिति और बिगड़ गई। इसलिए एक बार फिर महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा ने अटैचमेंट पर रोक लगाते हुए दोबारा आदेश जारी किया है जो भी कर्मचारी कार्यालयों में अटैच है उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करते हुए मूल तैनाती वाले स्कूलों में भेजा जाए। अब देखना होगा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली महानिदेशक के इस आदेश को कब तक क्रियान्वित कर पाते हैं या पहले की तरह इस आदेश को भी ठंडे बस्ते में डालकर भूल जाते हैं।

## कस्तूरबा में स्मार्ट टीवी पर पढेंगी छात्राएं

बरेली। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बारी नगला में स्मार्ट टीवी के माध्यम से छात्राओं को शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। छात्राएं ऑनलाइन पैटर्न के माध्यम से दिए गए पाठ्यक्रम को आसानी से समझ रही हैं। विद्यालय की वार्डन और शिक्षिका स्नेहलता शर्मा के मुताबिक किताबी ज्ञान के साथ जब किसी विषय वस्तु को ऑनलाइन पैटर्न के माध्यम से बच्चों को समझाया जाता है तो एक ही समय में कई विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण आसानी से कराया जा सकता है। क्योंकि इसमें बच्चे बढ़.चढ़ कर रुचि लेते हैं। परिषदीय विद्यालयों के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में इस पैटर्न की शुरुआत हाल ही के वर्षों से शुरू हुई है इसलिए नए पैटर्न से शिक्षा प्राप्त करने में बच्चों को भी आनंद प्राप्त हो रहा है। नये संसाधनों से अधिक से अधिक विद्यार्थी कक्षा में उपस्थित होकर रुचि लेते हुए अपने पाठ्यक्रम के प्रति अपनी समझ स्थाई बना रहे हैं। बात चांहे विज्ञान विषय की है या गणित विषय की दोनों विषयों को विद्यार्थी पूर्ण मनोयोग से सीखते हैं साथ में यह भी जानते हैं कि हमारे देश के इतिहास और भूगोल की स्थिति क्या है। स्नेह लता शर्मा ने बताया कि आधुनिक शिक्षा में कंप्यूटर लैपटॉप टैबलेट के माध्यम से छात्र.छात्राओं में शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जा रहा है इसके लिए कई संस्थाएं भी काम कर रही हैए उन संस्थाओं के द्वारा दिए गए पाठ्यक्रम को भी हम अपने विद्यार्थियों को समझाने के साथ उनकी कक्षाओं से संबंधित पाठ्यक्रम को भी स्मार्ट टीवी के माध्यम से उनकी समझ को उनके विषय के प्रति स्थाई बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

फ्तेहगंज पूर्वी।गस्त के दौरान पुलिस ने शराब तस्करों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर देशी शराब के पाउच भी बरामद किए। तस्करों को पकड़कर पुलिस थाने ले आई। तस्कर के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। फ्तेहगंज पूर्वी के गांव सहोलिया महोलिया के लिए पुलिस टीम चेकिंग अभियान को लेकर गश्त के लिए मंगलवार को शाम को निकली। पुलिस के अनुसार हेमूपुरा से सहोलिया महोलिया से पहले तिराहे के पास सामने से प्लास्टिक का थैला पकड़े पैदल आ रहे दो युवक पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ा गये। तेज कदमों से वापस लौटने इसी दौरान पुलिस टीम को संदेह होने पर दौड़कर दोनों युवकों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ पर युवक ने अपना नाम सत्यपाल निवासी गांव सहोलिया महोलिया थाना फ्तेहगंज पूर्वी का बताया है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के प्लास्टिक के थैले की तलाशी ली तो देशी शराब विंडोज मजेदार नाम लिखा हुआ 45 फूटी नुमा पाउच भी बरामद किए। दूसरे पकड़े गए युवक ने थाना फ्तेहगंज पूर्वी के गांव सहोलिया महोलिया का बलराम बताया है। युवक के प्लास्टिक के थैले की तलाशी लेने पर देशी शराब विंडोज मजेदार नाम लिखा हुआ 45 फुटीनुमा पाउच भी बरामद किए है। पुलिस पूछताछ पर युवकों ने बताया घर में रखकर महंगे दामों में बेचकर परिवार का पालन पोषण कर रहा हूं। दोनो युवकों को पकड़कर पुलिस थाने ले आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांवों में घर में रखकर महंगे दामों में शराब बेचने का व्यापार जोरों शोरों से चल रहा है। कहीं कहीं पर पुलिस कार्यवाही के बाद भी शराबबंदी पर व सुबह तड़के व देर रात मे देशी शराब दुकान बंद होने के बाद महंगे दामों में देशी शराब बेचने का व्यापार धड़ल्ले से किया जा रहा है।

## महिला की मौत

फरीदपुर।थाना फ्रीदपुर क्षेत्र के गांव पचौमी मे एक विवाहिता महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष वालों ने महिला की हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर जांच कराने की मांग की है। साथ ही दो बच्चों की हत्या का आरोप भी लगाया है। जानकारी के अनुसार थाना कैंट क्षेत्र के गांव परगवां मे महिला की मायकों वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए फ्रीदपुर थाने मे शिकायत की है। आरोप है कि महिला की शादी के बाद से धीरे धीरे ससुराल वाले लता को प्रताड़ित करने लगे थे। इस बीच लता ने दो बेटों को जन्म दिया था। जिसमें पहले बेटे को ससुरालियों ने पैदा होने के बाद ही मार डाला और वही दूसरे बेटे को पैदा होने के करीब सात महीने बाद मार दिया। परिजनो ने बताया कि बीते दिन लता के ससुराल के पास रहने वाले एक परिचित का उनके पास फोन आया कि लता की मौत हो गई है। जब परिवार वाले ससुराल पहुंचे तो लता का शव जमीन पर पड़ा मिला था। वही उनका कहना है कि लता के गले पर निशान बने हुए थे इसलिए मायके वालों को शक है कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है। वही सभी ससुराली उसका शव छोड़कर फरार हो गए थे।

## अगर डॉलर गिरता है तो ब्रिक्स विकल्प पेश कर सकता है: मोझिन

मॉस्को। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के रूस के कार्यकारी निदेशक अलेक्सी मोझिन ने कहा है कि अगर अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली ध्वस्त हो जाती है तो ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर का विकल्प प्रदान कर सकते हैं। श्री मोझिन ने कहा, मौजूदा व्यवस्था की कमियों के बारे में बहुत कुछ लिखा जा रहा है। इसके अलावा, कई प्रकाशन इस संदर्भ में ब्रिक्स का उल्लेख करते हैं कि यह संघ एक विकल्प पेश कर सकता है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश एक खाता खोल सकते हैं जिसमें समूह के पांच सदस्य देशों की मुद्राएं रियल (ब्राजील), रूबल (रूस), रुपया (भारत), युआन (चीन) और रैंड (दक्षिण अफ्रीकी) शामिल हो सकती हैं। रूसी प्रतिनिधि ने कहा, इस प्रस्ताव पर चर्चा की जा रही है। यदि अमेरिकी डॉलर और अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली ध्वस्त हो जाती है, तो खाते की इस इकाई को वस्तुओं द्वारा समर्थित वास्तविक मुद्रा में बदलने की आवश्यकता होगी। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स एक अंतरसरकारी संगठन है जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं।

# एसजीपीजीआई 36वां स्थापना दिवस का आयोजन कल

लखनऊ। एसजीपीजीआई के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 36 वां स्थापना दिवस कल मनाया जाएगा। साथ ही विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम संस्थान के टेलीमेडिसिन ऑडिटोरियम, में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष, 卐विश्व हाथ स्वच्छता दिवस 2024卐 का विषय है- 卐हाथ की स्वच्छता सहित संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण पर नवीन और प्रभावशाली प्रशिक्षण और शिक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के ज्ञान और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना卐। स्वास्थ्यकर्मियों के बीच संक्रामक एजेंटों के प्रसार को रोकने के लिए हाथ की स्वच्छता के महत्व पर जोर देना समय की मांग है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्राप्त करने के दौरान प्राप्त संक्रमण से दुनिया भर में हर दिन हजारों लोगो की मृत्यु हो जाती हैं।चूंकि मरीजों के प्रबंधन के दौरान हाथ रोगाणु संचरण का मुख्य मार्ग हैं, इसलिए केवल हाथ की स्वच्छता प्रथाओं को लागू करके स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े संक्रमणों को रोकना/बचना महत्वपूर्ण है। विभाग का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी, संक्रामक एजेंटों की तेजी से पहचान, उनकी रोगाणुरोधी संवेदनशीलता और आणविक महामारी विज्ञान के लिए आणविक आधारित नैदानिक परीक्षणों में स्वचालन स्थापित करना है। विभाग को यूपी और बिहार में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के लिए डब्ल्यूएचओ निगरानी केंद्र के रूप में भी पहचाना जाता है। हाल ही में विभाग में वायरल रिसर्च डायग्नोस्टिक लैब (वीआरडीएल) की स्थापना की गई है, जहां मरीजों का वायरल डायग्नोस्टिक निःशुल्क किया जाएगा। साथ ही, अस्पताल के विभिन्न उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जैसे प्रत्यारोपण इकाइयों, गहन चिकित्सा इकाइयों, डायलिसिस इकाइयों और ऑपरेशन थिएटरों की नियमित निगरानी की जा रही है।विभाग एक वार्षिक पत्रिका प्रकाशित करता है, जिसमें रोगजनकों का वितरण, उनकी एंटीबायोटिक संवेदनशीलता और दिलचस्प मामले की रिपोर्ट शामिल होती है। यह कार्यक्रम पुरानी यादों और विभाग में हुई प्रगति का अद्वितीय सम्मिश्रण होगा, क्योंकि हम न केवल अपने पूर्व विद्यार्थियों को याद करेंगे, बल्कि सर्वोपरि महत्व के विषय - हाथ की स्वच्छता - पर आलोचनात्मक चर्चा में भी शामिल होंगे। स्वास्थ्यकर्मियों के बीच संक्रामक एजेंटों के प्रसार को रोकने के लिए हाथ की स्वच्छता के महत्व पर जोर देना समय की मांग है।प्रोफेसर डॉ मनोदीप सेन, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, आर एमएल 卐संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण पर ज्ञान और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना卐 पर एक व्याख्यान देंगे। संजय गांधी पी जी आई के माइक्रोबायोलोजी विभाग में एडिशनल प्रोफेसर डॉ. चिन्मय साहू 卐एमआईसी बनाम संवेदनशीलता के ब्रेकप्वाइंट की भूमिका卐 और नैदानिक देखभाल में इसके ज्ञान के महत्व पर एक व्याख्यान देंगे।माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियां प्रोफेसर डॉ. केएन प्रसाद और हमारे पूर्व छात्र अपने अनुभवों को साझा करेंगे। विश्व हाथ स्वच्छता दिवस卐 के अवसर पर युवा पीढ़ी को इसके लिए संवेदनशील बनाने के लिए नर्सिंग, मेडिकल टेक्नोलॉजी कॉलेज के छात्रों और माइक्रोबायोलॉजी के रेजिडेंट डॉक्टरों द्वारा एक रंगोली प्रतियोगिता और लघु नाटिका भी आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें डॉ. प्रिया श्री और उनकी टीम द्वारा शास्त्रीय कथक नृत्य और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध कवि डॉ. पंकज प्रसून का कविता पाठ होगा।

# टेंट के कारोबार को लेकर चाकू से हमला करने का आरोप

जनता कनेक्शन

मलिहाबाद,लखनऊ। टेंट के कारोबार में कंपटीशन को लेकर एक टेंट कारोबारी ने दूसरे दलित टेंट वाले को जाति सूचक गलियों से नवाज़ते हुए जान से मार देने की धमकी देते हुए मारा पीटा और बीच बचाव कर रही महिला पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है। पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप गया हैं कि मलिहाबाद क्षेत्र के कसमंडी कला निवासी दलित टेंट कारोबारी मुन्नालाल शुक्रवार करीब 11 बजे लेबर वीरेंद्र गौतम के साथ बाइक से कसममंडी चौराहे गए थे वहां पहले से मौजूद टेंट कारोबारी कपिल साहू ने मुन्नालाल को कारोबार में कम्पटीशन को लेकर जाति सूचक शब्दो का इस्तेमाल करते हुए धमकाना शुरू कर दिया। मुन्नालाल के आपत्ति करने पर गालिया देते हुए पीटना शुरू कर दिया। जानकारी पाकर मौके पर बीच बचाव करने पहुंची मुन्नालाल की चाची नन्हकी को भी जाति सूचक गालिया देते हुए चाकू से बाये हाँथ पर वार करके घायल कर दिया। झगड़े की जानकारी पाकर कपिल साहू के पक्ष में मौके पर पहुंचे भाई रामजीवन ,पिंटू,ओमप्रकाश तथा अजय उर्फ मन्नू ने भी मुन्ना लाल और नन्हकी को जाति सूचक गालियाँ देते हुए ऐलानिया जान से मारने की धमकी दी। नन्हकी ने तहरीर देकर पुलिस से मुकदमा दर्ज करने की



गुहार लगाई है। इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर अपराध सच्चिदानंद ने बताया कि तहरीर मिली है जाँच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## बीमारी से परेशान होकर हलवाई ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

महोबा । बीमारी से परेशान होकर 50 वर्षीय व्यक्ति ने सूना मौका पाकर घर के आंगन में बने कुएं के पाट में फांसी लगा ली । परिजन आनन फानन में 108 एम्बुलेंस से सीएचसी जैतपुर लाए जहां डाक्टर पवन और डाक्टर अभय यादव ने देखते ही मृत घोषित कर दिया । परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी । पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है और अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।

जैतपुर के मुहाल नरैयापुरा निवासी मृतक प्रेमचंद पुत्र राम किशोर अग्रवाल के बड़े भाई रमेश ने बताया कि छोटा भाई प्रेम करीब तीन माह से बीमार चल रहा था। बुधवार को ग्वालियर से इलाज कराकर लौटे और बीमारी से परेशान होकर शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । बताया जा रहा है कि मृतक की शादी नही हुई थी । मृतक दो भाई थे । मृतक शादी ब्याह में खाना बनाने का कार्य करता था द्य कोतवाली प्रभारी एसएचओ भास्कर मिश्रा और चौकी प्रभारी एसआई धर्मेंद्र कुमार ने सीएचसी जैतपुर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सीपीआई महासचिव अतुल अंजान को दी गयी अंतिम विदाई

लखनऊ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के महासचिव अतुल अंजान की शुक्रवार को सुबह तीन बजकर 45 मिनट पर मृत्यु हो गयी। वह कैंसर से पीड़ित थे। वह 70 वर्ष के थे। एक महीने से लखनऊ के एक निजी अस्पताल में ही उनका इलाज चल रहा था। उनके पार्थिव शरीर को हलवासिया परिक्षेत्र में उनके आवास पर रखा गया। जहां से भैंसा कुंड के लिए शव यात्रा आरम्भ हुई तो लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। अतुल अंजान का नाम राजनीति में बेहद चर्चित रहा है। अतुल अंजान ने लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र संघ से अपनी राजनीति की शुरुआत की थी और छात्र संघ के अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में विजयी हुए थे। इसके बाद कम्युनिस्ट नेताओं के सम्पर्क में आने के बाद अतुल अंजान ने सक्रिय राजनीति में कदम रखा। वह सबसे प्रतिभाशील और सक्रिय कम्युनिस्ट नेताओं में से एक थे। उन्होंने समाज में एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने किसानों और श्रमिकों के हितों में बहुत काम किया। उन्होंने राजनीति क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान हासिल किया था। किसानों और श्रमिकों के हितों के प्रति सीपीआई नेता की दृढ़ प्रतिबद्धता ने जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों से व्यापक प्रशंसा और सम्मान प्राप्त किया है। एक समय अपने वक्तृत्व कौशल के लिए जाने जाने वाले तेज तर्रार छात्र नेता ने राजनीति में एक अलग मुकाम हासिल किया था। उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध पुलिस पीएसी विद्रोह के मुख्य भूमिका में अतुल अंजान का नाम आता है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के रुप में अतुल अंजान ने घोसी सीट से चुनाव भी लड़ा था। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत करने के बाद अतुल अंजाम को महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर पार्टी ने घोषित किया था।अतुल अंजान को जानने वाले लोगों में उनकी मृत्यु से बेहद दुख व्याप्त है। वहीं उत्तर प्रदेश के तमाम नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अतुल कुमार अंजान को एक्स पर एक पोस्ट कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा 'अतुल कुमार अंजान जी के निधन से मैं स्तब्ध हूँ।

वो एक बहादुर और समर्पित लोक सेवक थे। उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

# सरकारी नहर और नलकूप बने सफेद हाथी

रामकिशोर रावत/जनता कनेक्शन

माल लखनऊ क्षेत्र के लिये आम बागान ही आजीविका का एक मात्र सहारा हैं।आम फसल को बचाने के लिये गर्मी में पानी की नितान्त आवश्यकता रहती है, लेकिन इलाके में नहरों का जाल और आठ दर्जन राजकीय नलकूप बागवानों के लिये सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। कारण न तो नहरों में पानी आय है औरन ही बिजली कटौती के चलते बागों की सिंचाई ही हो पा रही है। जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गयी है।

माल विकास खंड में कहने को तो नहरों का जाल बिछा हुआ है जिनकी लम्बाई लगभग105 किमी है। वहीं कुल सत्तानबे राजकीय नलकूपों और ग्यारह सामुदायिक नलकूप भी हैं। नहरों में जो भी सरकारें रहती हैं किसानों को खुश करने के लिये टेल तक पानी पहुंचाने का दावा करती रहती हैं। जबकि पानी पहुंचना दूर इन नहरों की सफाई तक सरकार द्वारा नही करायी जाती है। कभी कभी पंचायतों द्वारा मजदूरों को काम देने के लिये इनकी साफ सफाई करा दी जाती है। ससपन



थरी रजबहा को नमूने के तौर पर देखा जा सकता है जहां झाड़ झंखाड़ खड़ा देखा जा सकता है। बताते चलें कि गेंहूँ की सिंचाई के समय भी नहरों में पानी मात्र दो बार ही पहुंचा था। जिससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं क्षेत्र में सत्तानबे राजकीय नलकूप कहने भर के लिये तो हैं लेकिन किसी भी नलकूप में गूलें और कुंडियां तक नही है जिससे सिंचाई संभव नहीं है। उससे बड़ी बात की बिजली कटौती दिन में छह से आठ घँटे की कटौती किसानों के लिये परेशानी का सबब बन रहा है। बागों की सिंचाई न हो पाने से बागवानों की शिकन बढ़ती जा रही है क्योंकि इस वर्ष आम की फसल मौसम की मार से पहले से कमजोर है दूसरे लू चलना और सिंचाई हो पाना बड़ी मुसीबत बन रही है।

# अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग

### ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी जाम में फंसी हुई देख गाड़ी से उतरकर जाम से गाड़ी को निकलवाया

लखनऊ ( **जनता कनेक्शन** )। मोहनलाल गंज रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई जिससे आसपास क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। वहीं आग की सूचना पाकर आसपास के स्थानीय एवं पुलिस व ग्रामीणों ने मौके पर जाकर आग को बुझाने का प्रयास किया परंतु आग की लपटे इतना बढ़ गई कि वह विकराल रूप धारण कर चुकी थी। उसी समय मोहनलालगंज के रास्ते से चुनाव प्रचार में जा रहे मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी को जब





ख़बर मिली तो उन्होंने देखा कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी जाम में फंस गई है तुरंत अपनी गाड़ी से उतरकर ट्रैफिक व्यवस्था को खुद संभालते हुए जाम में फंसी हुई फायर ब्रिगेड की गाड़ी को किसी तरह से मौके तक ले जाने का कार्य किया वहां पहुंचकर फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया ब्लाक प्रमुख मोहनलाल गंज ओम प्रकाश शुक्ला के साथ में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र ने मौके पर पहुंच कर अधिकारियों से वार्ता कर और पानी की गाड़ियां मंगवाईतब जाकर आग पर काबू पाया गया उपस्थित जनसमुदाय ने भाजपा नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया

# संगोष्ठी का हुआ आयोजन

जनता कनेक्शन

लखनऊ । हाईकोर्ट लखनऊ पीठ के महामना सभागार में अवध बार के अध्यक्ष सहित बार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने एक संगोष्ठी कर 卐 महाशक्ति के रूप में उभरते भारत में न्यायपालिका और अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर विचार रखे । अध्यक्ष रहे वरिष्ठ अधिवक्ता डाक्टर एल पी मिश्र ने कहा कि आज भारत देश विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है इसमें न्यायपालिका और अधिवक्ता समाज का प्रमुख योगदान है । इसके साथ ही देश के लोगो ने अच्छे जन प्रतिनिधियों का चुनाव करना शुरू कर दिया है ।

वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एडिशनल सालीसीटर जनरल शशि प्रकाश सिंह एवं सहायक सालीसीटर जनरल एस बी पांडेय, ने कहा कि आज राजनाथ सिंह लखनऊ क्षेत्र से चुनाव मैदान में है उनकी



सत्यनिष्ठा और परिश्रम से प्रदेश व देश को नई दिशा मिली है । संगोष्ठी में भाजपा नेता नीरज सिंह ने भी बताया कि आज देश का नेतृत्व सही हाथो में है । कहा कि राजनाथ सिंह ने लखनऊ को विशेष तौर पर विकास किया है ।

बार के अध्यक्ष ए एम त्रिपाठी ने भी कहा कि सांसद के रूप में राजनाथ सिंह को ही जिताने का सभी वकील बीड़ा उठाते है । गोष्ठी में अधिवक्ता सवित्र वर्धन सिंह ने सफल संचालन किया । वरिष्ठ अधिवक्ता एन के सेठ , अतुल सिंह , विनोद सिंह , सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे ।

## बाइक सवार महिला की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

महोबा । जिले में सड़क दुर्घटनाएं अब थमने का नाम नही ले रही है द्य चरखारी मुस्करा मुख्य सडक पर चार पहिया वाहन की जोरदार टक्कर से बाइक सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई द्य आनन फानन में महिला को परिवारीजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी लाया गया द्य जहां पर चिकित्सकों ने महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया द्य आरोपी वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है द्य मृतक महिला अपने भाई के साथ बाईक से पहाड़ी गाँव अपने रिश्तेदारी में जा रही थी तभी अचानक निकले चार वाहन से जोरदार टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई द्य जबकि बाइक चला रहा महिला का भाई मामूली रूप से चोटिल हुआ है द्य मृतक महिला प्रीति पत्नी नेंद्र विश्वकर्मा मोहल्ला घुशियांना चरखारी की निवासी है द्य वह अपने पीछे तीन बच्चियों को छोड़ गई है जिसमें सबसे बड़ी बेटी की उम्र लगभग 5 वर्ष है, बाइक चालक एवं परिवारीजनों के मुताबिक चार पहिया वाहन के चालक की लापरवाही की वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ है ।

सम्पर्क कार्यालय : निकट दुबग्गा चौराहा कानपुर रोड लखनऊ

जनता कनेक्शन

(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक रवि शंकर अस्थाना द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस, 12/29 पुराना किला, कैंट रोड लखनऊ से मुद्रित तथा 366/006/285 किशोर गंज कैम्पवेल रोड, बालागंज लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाशित

सम्पादक : रवि शंकर अस्थाना

फोन नम्बर : 0522-3192214

www.jantaconnection.in

EMail:jcnews240@gmail.com

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के आधीन होंगे।